वर्ष- 21 अंक - 333 | cityblastindore@gmail.com | RNI NO. MPHIN/2005/15582 | fb.com/cityblastindore | मूल्य-2 रुपए पृष्ठ 12

दोपहर दैनिक

# सिटी ब्लास्ट

निर्भिक व निष्पक्ष पत्रकारिता...

इंदौर, मंगलवार 19 मई 2026

## रुपया और गिरा, शेयर बाजार उछला

मुंबई.एजेंसी। ईरान-अमेरिका जंग के कारण पूरी दुनिया में उथल-पुथल जारी है। इसी उथल-पुथल के बीच डॉलर के मुकाबले रुपया आज और कमजोर हो गया। जबकि शेयर मार्केट बढ़त के साथ खुला। सेंसेक्स में 126 अंक का उछाल देखा गया।



## दीवार तोड़कर पटरी से उतरी उज्जैनी एक्सप्रेस

### इंजन और तीन कोच क्षतिग्रस्त

ऋषिकेश ● एजेंसी

उत्तराखंड के ऋषिकेश स्थित योग नगरी रेलवे स्टेशन पर उज्जैनी एक्सप्रेस बफर स्टॉप से टकराकर दीवार तोड़ती हुई पटरी से उतर गई। इस हादसे में ट्रेन का इंजन और तीन कोच क्षतिग्रस्त हो गए। एक कोच बीच से मुड़ गया। यहां वॉशिंग लाइन पर शंटिंग (ट्रेन के रखरखाव और दिशा बदलने की प्रक्रिया) के दौरान उज्जैनी एक्सप्रेस अचानक अनियंत्रित हो गई।

रफ्तार अधिक होने के कारण ट्रेन ट्रैक के अंतिम छोर पर लगे बफर स्टॉप से जोरदार तरीके से जा टकराई। इस टक्कर के बाद तेज धमाका हुआ और ट्रेन के तीन डिब्बे पटरी से नीचे उतर गए। धमाके की आवाज सुनते ही इस ट्रेन को आज सुबह वापस उज्जैन के लिए रवाना होना था।

## ट्रक में भरे थे 100 से ज्यादा बाराती, 14 की मौत, 20 घायल



पालघर ● एजेंसी

महाराष्ट्र के पालघर जिले में मुंबई-अहमदाबाद नेशनल हाईवे पर धानीवरी क्षेत्र में बारातियों से भरे एक ट्रक और तेज रफ्तार कंटेनर के बीच जोरदार टक्कर हो गई। हादसा इतना भीषण था कि सड़क पर लाशें बिछ गईं। मौके पर अफरा-तफरी मच गई और कई लोग ट्रक में ही फंस गए। ट्रक में 100 से अधिक बाराती सवार थे, जो एक शादी समारोह में शामिल होने जा रहे थे। इस दुर्घटना में अब तक 14 लोगों की मौत की पुष्टि हो चुकी है, जबकि मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका जताई जा रही है। वहीं करीब 20 से 25 लोग गंभीर रूप से घायल बताए जा रहे हैं।

## शुभेंदु के पीए का हत्यारा गिरफ्तार

**मुजफ्फरनगर.एजेंसी।** पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी के पर्सनल असिस्टेंट (पीए) चंद्रनाथ रथ की हत्या के मामले में सीबीआई ने बड़ी कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपियों में शामिल राजकुमार को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी राजकुमार हरिद्वार से दिल्ली भागने की कोशिश कर रहा था। दिल्ली सीबीआई और मुजफ्फरनगर पुलिस की संयुक्त टीम ने उसे एनएच-58 स्थित छपार टोल प्लाजा से पकड़ लिया। आरोपी को कोलकाता ले जाया गया है।

# फिर महंगा हुआ पेट्रोल-डीजल

### पहले 3 रुपए अब 90 पैसे की वृद्धि

नई दिल्ली ● एजेंसी

देश में आम उपभोक्ताओं को एक हफ्ते के भीतर महंगाई का दूसरा बड़ा झटका लगा है। सरकारी तेल विपणन कंपनियों ने आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में करीब 90 पैसे प्रति लीटर की और बढ़ोतरी कर दी है, जिससे माल ढुलाई और दैनिक बजट पर असर पड़ेगा। इसके पहले 15 मई को पेट्रोल-डीजल में 3 रुपए की मूल्य वृद्धि हुई थी। इस तरह 5 दिन में पेट्रोल-डीजल के दाम 4 रुपए बढ़ चुके हैं। अगर ईरान-अमेरिका युद्ध नहीं रुका तो आने वाले दिनों में किश्तों में ऐसी और मूल्य वृद्धि हो सकती है।

### रूस से मिलेगा तेल

अमेरिका ने रूस से तेल की खरीदी पर एक महीने की छूट बढ़ा दी,लेकिन भारत ने दोटूक कहा कि हम पहले भी रूस से कच्चा तेल मंगा रहे थे और आगे भी मंगाएंगे।

## पेट्रोल-डीजल की लिमिट के कारण पंपों पर लगी भीड़

चंडीगढ़ ● एजेंसी

चंडीगढ़ में एक पेट्रोल पंप पर दोपहिया वाहनों को अधिकतम 500 रुपए और चारपहिया वाहनों को 1500 रुपए का पेट्रोल-डीजल देने का पोस्टर लगाया गया तो लोग दूसरे पेट्रोल पंपों पर पेट्रोल-डीजल के लिए उमड़ पड़े। जब प्रशासन ने सख्ती दिखाई तो पोस्टर हटा दिया गया। मध्यप्रदेश के छिंदवाड़ा में भी कुछ पेट्रोल पंपों पर पेट्रोल-डीजल देने की लिमिट तय कर दी गई। जबकि पलासिया में कई पेट्रोल पंप सूख गए।

### दिल्ली में थमेंगी टैक्सियां

ईंधन की बढ़ती कीमत से परेशान दिल्ली के टैक्सी चालकों ने 21 मई से तीन दिन तक हड़ताल का ऐलान किया है।



### ईरान से बाइक-ट्रक में भरकर तेल ला रहे पाकिस्तानी!

मंगलवार.एजेंसी। ईरान के होर्मुज स्टेट से जहाजों की आवाजाही रुकने के कारण पाकिस्तान ने अब ईरान से तेल की तस्करी तेज कर दी है। ईरान से हर दिन 60 लाख लीटर तेल तस्करी के जरिए पाकिस्तान पहुंच रहा है। लोग ट्रकों और बाइक पर बांधकर तेल से भरे कनस्तर ला रहे हैं।

## आवारा श्वानों पर आज आएगा सुप्रीम फैसला

**नई दिल्ली.एजेंसी।** सड़कों पर आवारा श्वानों का आतंक रोकने के लिए पिछले साल सुप्रीम कोर्ट ने कई निर्देश दिए थे जिसके खिलाफ श्वानों से प्यार करने वाले और जानवरों के अधिकार के लिए काम करने वाले समूहों ने सुप्रीम कोर्ट के आदेश के खिलाफ कई याचिकाएं दायर की थी। सुप्रीम कोर्ट आज इन याचिकाओं पर अहम फैसला सुना सकता है।

## इकबाल मिर्ची की 700 करोड़ की संपत्ति अटैच

**मुंबई.एजेंसी।** मुंबई में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने अंडरवर्ल्ड से जुड़े दिवंगत इकबाल मिर्ची और उसके परिवार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। ईडी ने फ्यूजिटिव इकोनॉमिक ऑफेंडर्स एक्ट 2018 के तहत भारत और दुबई की करीब 700.27 करोड़ रुपए की संपत्ति अस्थायी रूप से अटैच की हैं। ये संपत्ति मनी लॉन्ड्रिंग और अपराध से अर्जित पैसों से खरीदी गई थीं। इस कार्रवाई को मिर्ची नेटवर्क के खिलाफ बड़ी कानूनी कार्रवाई माना जा रहा है।

## अमेरिका में मस्जिद के बाहर अंधाधुंध फायरिंग, 3 की मौत, हमलावरों ने खुद को भी गोली मारी

**कैलिफोर्निया.एजेंसी।** अमेरिका में कैलिफोर्निया के सैन डिएगो काउंटी स्थित सबसे बड़े इस्लामिक सेंटर (मस्जिद) के बाहर दो नाबालिग बंदूकधारियों ने अंधाधुंध फायरिंग कर दी। इस भीषण हमले में एक सुरक्षा गार्ड समेत तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। वारदात को अंजाम देने के बाद दोनों हमलावरों ने भी पास की एक गली में खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। इस घटना को मुस्लिम समुदाय को निशाना बनाकर किया गया 'संदिग्ध हेट क्राइम' मानकर पुलिस जांच कर रही हैं। यह वारदात उस



समय हुई जब लोग मस्जिद परिसर में मौजूद थे। अचानक गोलियों की तड़तड़ाहट गूंजने से वहां नमाजियों और परिसर के भीतर चल रहे स्कूल के बच्चों में चीख-पुकार और अफरा-तफरी मच गई।

हमले के कुछ ही देर बाद, जांचकर्ताओं को पास की एक सड़क पर खड़ी एक संदिग्ध कार के भीतर दो किशोरों (उम्र 17 और 19 वर्ष) के शव मिले। पुलिस का मानना है कि ये दोनों ही मस्जिद पर हमला करने वाले मुख्य शूटर थे, जिन्होंने वारदात को अंजाम देने के बाद खुद को गोली से उड़ा लिया।

# विधायक हार्डिया ने पानी के लिए निगम को घेरा

## महापौर को देना पड़ी सफाई

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

पांच बार के विधायक और भाजपा में वरिष्ठ हो चुके महेन्द्र हार्डिया ने कल अपनी विधानसभा के वार्डों में आ रही पानी की समस्या अब सिर के ऊपर गई तो मीडिया के सामने ही जल संकट को लेकर नगर निगम को घेरा। हार्डिया एक कार्यक्रम में दो दिन पूर्व गए थे तो वहां भी पानी की समस्या का मुद्दा उठा था तब भी विवाद की स्थिति बनी थी और जल संकट को लेकर विधानसभा के सभी वार्डों से भाजपा नेता, कार्यकर्ता, रहवासी पानी को लेकर हार्डिया के घर पहुंच रहे हैं. इसी पानी मुद्दे पर हार्डिया उखड़ गए और बोले कि जल संकट ने परेशान कर दिया है। पहली बार ऐसा जल संकट देखने को मिल रहा है। वे यहां तक बोले कि टंकियां



भरने में भेदभाव हो रहा है, कोई टंकी खाली रहती है तो कोई टंकी भराती है। हार्डिया ने यहां तक कहा कि अगर पानी की समस्या हल नहीं हुई तो महापौर के घर जाकर चर्चा करूंगा। हार्डिया ने सामने आकर मीडिया को बयान दिया उसके बाद महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने भी सामने आकर बयान दिया और कहा कि विधायक महेन्द्र हार्डिया हमारे वरिष्ठ नेता है में उनसे बात करूंगा और उनकी समस्या हल करने की पूरी कोशिश करूंगा और उनके अनुभव का लाभ भी लूंगा।

### इधर कल जनता ने भी सोशल मीडिया रंग दिया

विधायक महेन्द्र हार्डिया का बयान आते ही लोगों ने भी सोशल मीडिया पर लिखा कि पांचवीं बार के विधायक जो साढ़े 22 साल से एक ही विधानसभा में राज कर रहे हैं। वे विधायक के अलावा मंत्री बन चुके हैं, संगठन का लम्बा अनुभव है प्रशासन में अच्छी पकड़ है, फिर भी अपनी विधानसभा के हालात उन्होंने क्यों नहीं बदलाए। क्षेत्र में सबसे ज्यादा परेशानी पानी की है। नल पूरे समय नहीं आ रहे हैं, टैंकर नहीं पहुंच रहे हैं। कितने ही अधिकारी बदल गए, लेकिन समस्या जस की तस है। भविष्य की जरूरत पर कोई ठोस योजना नहीं बनाई गई। जनता अपने जनप्रतिनिधि से संकट के समय उम्मीद रखती है और ऐसे में जनप्रतिनिधि अब कह रहे हैं कि मैं महापौर के घर जाऊंगा और महापौर कह रहे हैं कि वे हमारे वरिष्ठ नेता है मैं उनकी समस्या हल करूंगा, 2029 में नर्मदा का चौथा चरण शुरू होगा, क्या जब तक जनता प्यासी मरे। कुछ लोगों ने यह भी लिखा कि जनप्रतिनिधियों को अपनी नाकामी इधर-उधर डालने के बजाए समस्या को हल करवाना चाहिए, जबकि जल नियंत्रण सेंटर इसी विधानसभा क्षेत्र में लगा हुआ है, जिससे पता पड़ता है कि किस टंकी में कितना पानी जा रहा है, कौन सी टंकी कब भराई है, किन क्षेत्रों में पानी पहुंचाया जा रहा है, यह बात कल महापौर ने भी कही है। कुछ ने लिखा केन्द्र से लेकर प्रदेश और नगर निगम से लेकर सारे जनप्रतिनिधि भाजपा के हैं, अब एक-दूसरे पर कार्य ढोले नहीं बल्कि जनता को परेशानी से बाहर निकाले।

### वाल्व से पार्षद परेशान

विधानसभा 3 के दो भाजपा पार्षद मृदुल अग्रवाल, रूपा पाण्डे के वार्ड में एक ही वाल्व से पानी सप्लाय होता है, इसमें भी एक-दूसरे के क्षेत्र में पानी कम आने और अधिक आने का आरोप लगता है। इधर जनता दोनों ही पार्षद को पानी कम आने पर फोन लगाती है, टोकती है और घर तक पहुंच जाते हैं। उधर विधानसभा 5 की कांग्रेसी पार्षद सोनिला मिमरोट ने भी निगम के वॉल्व खोलने वाले कर्मचारी से वॉल्व खुलवाकर पानी की सप्लाय कराई थी और खरी-खरी सुनाई थी। कल भी कांग्रेस पार्षद यशस्वी अमित पटेल ने पानी को लेकर धरना-प्रदर्शन कराया।

# आम आदमी पार्टी का इंदौर झोन सम्मेलन होगा

## झोन पदाधिकारी लेंगे शपथ, प्रदेश प्रभारी रहेंगे मौजूद

### इस कार्यक्रम के एक माह बाद अरविंद केजरीवाल और संजय सिंह को लाने की कोशिश

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

आम आदमी पार्टी ने प्रदेश भर में अलग-अलग झोन के मुताबिक उपाध्यक्ष से लेकर अन्य नियुक्तियां की है। आप का अभी प्रदेश अध्यक्ष पद खाली पड़ा है और इन्हीं झोन में से जो उपाध्यक्ष अच्छा काम करेगा उसे आम आदमी पार्टी का प्रदेश अध्यक्ष का दायित्व मिल सकता है। इंदौर में कांग्रेस के लिए सालोंसाल तक काम करने वाले एडवोकेट कमल गुप्ता को इंदौर झोन का उपाध्यक्ष का दायित्व दिया गया है। साथ में अन्य पद पर दायित्व अनुराग यादव सहित अन्य भी निभा रहे हैं। विगत दिनों भी समस्याओं को लेकर मालवा मिल चौराहा पर आम आदमी पार्टी ने प्रदर्शन भी किया था। अब इंदौर झोन का राज्य स्तरीय सम्मेलन और पदभार ग्रहण का आयोजन 14 जून रविवार को 11 बजे से आनन्द मोहन माथुर सभागृह में आयोजित होगा। इसमें इंदौर झोन के पदाधिकारी शपथ भी लेंगे और बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं को एकजुट करने का काम भी किया जाएगा। कमल गुप्ता और अनुराग यादव अपने दायित्व अपने साथियों के साथ निभा रहे हैं। 14 जून के इस आम आदमी पार्टी के सम्मेलन में आप के प्रदेश प्रभारी जितेन्द्रसिंह तोमर भी शामिल होंगे। तोमर पूर्व में केजरीवाल की दिल्ली सरकार में मंत्री भी रह चुके हैं, इधर कमल गुप्ता ने बताया कि पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और उपमुख्यमंत्री रहे संजय सिंह को भी इंदौर में जुलाई में बुलाने का काम किया जाएगा और इन दो बड़े नेताओं के माध्यम से इंदौर में बड़ा आयोजन आम आदमी पार्टी जुलाई में करेंगी।

# घी, मावा, दूध, पनीर की भी हो सख्ती से जांच -कांग्रेस

**कांग्रेस सरकार में सिलावट थे मंत्री तब खूब बोलते थे मिलावट पर, अब क्यों है चुप**

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता एडवोकेट प्रमोद द्विवेदी ने बयान जारी कर कहा कि प्रशासन का खाद्य विभाग महानगर का स्वरूप ले रहे इंदौर में कुछ ही जगह चैकिंग और खानापूर्ति का काम कर रहा है। ब्रांडेड कम्पनियों के खिलाफ कोई जांच और सेम्पल नहीं लिए जा रहे हैं। वहीं रोजमर्रा के दूध, दही, मावा, पनीर खाद्य पदार्थ खासतौर से हल्दी की जांच क्यों नहीं हो रही है। द्विवेदी ने प्रशासन पर सवाल किया कि क्या प्रदेश में खाद्य सामग्री जिनमें तेल, दूध, दही, पनीर, घी से लेकर, मसालें,फल फूड आदि मिलावटी नहीं बिक रहे है। क्या नामचीन कम्पनियों के नाम पर कोई नकली माल नहीं बेच रहा है। इन सब मामले में प्रशासनिक खाद्य विभाग की मुहिम असरदार क्यों नहीं है। द्विवेदी ने यह भी कहा कि हालत यह है कि यदाकदा की जाने वाली सरकारी खानापूर्ति सरकार की पोल खोल देती है। ब्रांडेड कम्पनियों के दूध से लेकर खाद्य पदार्थ की भी हर माह जांच होना चाहिए। द्विवेदी ने कहा कि जब कमलनाथ सरकार थी तब अल्प कार्यकाल में ही प्रदेश में चौतरफा मिलावटी खाद्य पदार्थ के खिलाफ मुहिम चलाई गई थी। नकली खाद्य पदार्थ और मिलावटी खाद्य पदार्थ बेचने वाले अंडरग्राउंड हो चुके थे क्योंकि कुछ रासुका में निरुद्ध किए गए थे, जिसकी आम आदमी ने सराहना की थी। कमलनाथ सरकार में कांग्रेस के स्वास्थ्य मंत्री तुलसीराम सिलावट ने स्वयं को महिमा मंडित करते हुए नारा दिया था 'मिलावट खिलाफ सिलावट'। अब सिलावट भाजपा में मंत्री है सिलावट अब मिलावट के खिलाफ आवाज बुलंद क्यों नहीं कर रहे हैं। अभी गर्मी में आइसक्रीम और बॉटल बंद पानी खूब बिक रहा है और नामचीन कम्पनियों के नाम पर फर्जीवाड़ा डुप्लीकेट माल देकर किया जा रहा है उसकी भी जांच होना चाहिए। द्विवेदी ने सवाल उठाया क्या सरकार और प्रशासन किसी बड़े हादसे के इंतजार में हैं।

# फार्मा सेक्टर एक्सपोर्ट बढ़ाने की पहल का अध्यक्ष ने किया स्वागत



इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। फार्मा सेक्टर के निर्यात को बढ़ावा देने के लिए सरकार और प्रशासन ने प्रयास शुरू किए। फार्मा इंडस्ट्रीज और व्यापारी का एक बड़ा हिस्सा एक्सपोर्ट में अपना योगदान रखता है और फार्मा में इंदौर भी एक्सपोर्ट मामले में दखल रखता है। शासन के साथ प्रशासन ने जो पहल की उसका बेसिक ड्रग्स डीलर एसोसिएशन अध्यक्ष जेपी मूलचंदानी ने स्वागत किया है। कल जिला स्तरीय लघु उद्योग संवर्धन बोर्ड, डीईपीसी एवं निवेश प्रोत्साहन केंद्र की संयुक्त बैठक हुई थी। कल बैठक में अधिकारी शिवम वर्मा, अभिषेक शर्मा, हिमांशु प्रजापति ने फार्मा सेक्टर के निर्यात को लेकर जानकारी दी। प्रदेश के पांच जिलों में इंदौर, भोपाल, ग्वालियर, उज्जैन और नर्मदापुरम को अभियान में शामिल किया गया है। मूलचंदानी ने उद्बोधन भी दिया वहीं कलेक्टर शिवम वर्मा ने भी निर्यात को लेकर विस्तृत जानकारी दी।

# गैर कानूनी ऑनलाइन दवा व्यापार के विरोध में कल दवाई दुकानें बंद

## एसोसिएशन ने किया ऐलान, पहले दवा बाजार में एकत्रीकरण फिर वाहन रैली निकालकर पहुंचेंगे सम्भागायुक्त कार्यालय

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

ऑनलाइन दवा व्यापार के विरोध में पूरे भारतवर्ष का समस्त दवा व्यापार होलसेल एवं रीटेल 20 मई को बंद रहेगा। यह बंद ऑल इंडिया केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन के आह्वान पर, मध्यप्रदेश केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन के मार्गदर्शन में इंदौर केमिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष विनय बाकलीवाल एवं महासचिव निर्मल जैन ने बताया कि शहर भर के सभी व्यापारी 20 मई को दोपहर 12:00 बजे दवा बाजार में एकत्रित होंगे, उसके बाद दवा बाजार से वाहन रैली के रूप में निकल कर संभाग आयुक्त कार्यालय पहुंचकर सम्भागायुक्त को ज्ञापन देंगे। यह बंद सरकार के दवा व्यापार में दोहरे कानूनी तंत्र जिसमे समान्य केमिस्ट को सारे नियम कानूनों की बाध्यता एवं ऑनलाइन दवा कंपनियों को खुली छूट का भी खुला विरोध है।ऑनलाइन के माध्यम से नकली दवाइयों के व्यापार, दवाइयों के दुरुपयोग, एंटी बायोटिक रेजिस्टेंस का भी अंदेशा है। इससे सामान्य जनता के स्वास्थ्य को सीधे सीधे खतरा है. ऑनलाइन व्यापार वाले प्रतिस्पर्धा के नियम तोड़ते हुए छोटे बड़े सभी दवा व्यापारियों के अस्तित्व पर खतरा बन चुके हैं। इस बंद मे देश भर का प्रत्येक केमिस्ट अपने अस्तित्व को बचाने के लिए पूर्ण रूप से सम्मिलित होगा। मरीजों को होने वाली असुविधा के लिए हमें खेद है, हम उनसे निवेदन करते हैं कि वे आवश्यक दवाइयां आज ही खरीद लें। हम मांग करते हैं कि इस ऑनलाइन व्यापार को शीघ्र बंद किया जाएं। उक्त पूर्ण जानकारी इंदौर ड्रगिस्ट एवं केमिस्ट एसोसिएशन अध्यक्ष विनय बाकलीवाल ने दी।

## हालात -ए- गणतंत्र

इंदौर की बात है
शुरूआत है जल युद्ध की
युद्ध का स्थल है
आईटी डीएवीवी
इंजीनियरिंग कालेज
का वीडियो पूरे देश ने देखा
लोग सीनियर इंजीनियरों की अभद्रता बता रहे है
पर बात कुछ और
ऐसे हालात
शहर की हर गली में देखने को मिलेगा
तैयार रहें
मोहल्ला - मोहल्ले, गांव- गांव , शहर - शहर
अब ज्यादा दूर नही है ये दिन
साल दो साल में बस
कारण था होस्टल में पानी
नहीं आ रहा था पन्द्रह दिन से
विद्यार्थी भड़क गए, फिर मची धूम
नर्क सी हालात हो गई थी होस्टल की
बाथरूम टाइलट की बदतर हालत
बदबू आ रही थी - कोई सुनवाई नही
छात्रों ने कालेज में कर दिया हंगामा
वैसे ही शहर पानी-पानी के लिए जूझ रहा है
ऐसी ही पानी की मीटिंग से
विधायक नाराज होकर मीटिंग छोड़कर चले गए
दो पार्षदों की भिड़ंत हो गई
विपक्षी नेता चिंटू चौकसे ने जोरदार आवाज उठाई
हर वार्ड में
पर आज आग लगने पर
कुआँ खोदने जैसा दृश्य है सामने
अदूरदर्शिता, अंधे और शहर लूटने आई एजेंट अफसरशाही ने बेड़ा गर्क कर दिया शहर
चंद नोटों की गड्डियों में बिक कर
तालाब बिक गए, कुएँ सूख गए, नदियों को गंदा कर दिया, पेड़ काट दिए, पर्यावरण के पैसे खा गए, शहर की जल योजना को पी गए, जनता को मजबूर कर दिया जहरीला पानी पीने को , वृक्षारोपण का पूरा का पूरा पैसा डकार गए और डकार भी नहीं ली
और अभी भी बाज नहीं आ रहे
पैसा दो तो हर लीगल है देश में- पैसा नहीं तो आपके मां बाप को भी इलीगल बता दे, ऐसा दौर है
खैर , जल स्तर पाताल लोक पहुंच गया
भ्रष्टाचार के लिए हो रहे
बेतरतीब विकास की जय हो
जनता की चुप्पी व जनप्रतिनिधियों की चुप्पी
एक दिन शहर के लिए जी का जंजाल साबित होगी
अफसरशाही ज़िंदाबाद

**-नकुल रतन पाटोदी**

# भारत विश्व का नेतृत्व कर्ता होगा -भाजपा प्रदेश प्रभारी

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि**

अभ्यास मंडल की ग्रीष्मकालीन व्याख्यानमाला जाल सभागृह में शाम को बुद्धिजीवियों की मौजूदगी में आयोजित की जा रही है। कल भाजपा के प्रदेश प्रभारी डॉ. महेन्द्र सिंह ने भारत दृष्टि 2047 पर अपना उद्बोधन दिया। सिंह ने कहा कि भारत फिर से सोने की चिड़िया कहलायेगा और विश्व गुरु बनेगा।



2047 तक भारत इतना मजबूत होगा कि वह विश्व भर का नेतृत्व करेगा। पूरी दुनिया भारत के बताएं रास्ते पर चलेगी। पहले देश भर के मंदिरों में सोना लगा रहता था, जिसे अंग्रेज लूट ले गए थे। सिंह ने कई मंदिर के नाम लेकर गुम्बद पर सोना लगा होने की बात भी कही। यह भी कहा कि भारत सरकार ने विरासत से विकास का लक्ष्य तय किया है। सिंह ने आंकड़ों के साथ प्रभावी उद्बोधन कल व्याख्यानमाला में काफी देर तक दिया। रामेश्वर गुप्ता, मालासिंह ठाकुर, वैशाली खरे, शिवाजी मोहिते, मुरली खंडेलवाल, इशान श्रीवास्तव, मेघा बर्वे, अशोक कोठारी, अशोक बडजात्या, संजय त्रिपाठी, मुकेश तिवारी मौजूद थे।

# नीट पेपर लीक पर प्रदर्शन में मांगा इस्तीफा

### केन्द्रीय मंत्री के पोस्टर पर कालिख पोती फिर जलाया

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि**

कांग्रेस नेता और कार्यकर्ताओं ने आज सुबह रीगल तिराहा स्थित गांधी प्रतिमा पर पहुंचकर गांधीजी के चरणों में ज्ञापन भी सौंपा और इधर नारेबाजी करते हुए नीट पेपर लीक मामले में केन्द्रीय मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान का इस्तीफा भी मांगा। कांग्रेसी मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान का पोस्टर लेकर पहुंचे थे, जिस पर पहले कालिख पोती फिर पोस्टर जलाया गया। केन्द्रीय मंत्री के खिलाफ नारेबाजी भी की और नीट पेपर लीक में विरोध दर्ज भी कराया और कहा कि यह केवल पेपर लीक मामला नहीं बल्कि आर्थिक घोटाला भी है, जो देश में तीसरी बार ऐसा हुआ है और 22 लाख विद्यार्थियों का शैक्षणिक भविष्य




खराब किया गया है। जीतू दीवान ने नेतृत्व किया। प्रमुख रूप से सुनील यादव, संजय अरोड़ा, आशुतोष मिश्रा सचिन सेन सफदर नकवी शेख समीर, राकेश अरोड़ा, आसिम खान, शहजाद लोहार, नियाजउद्दीन अंसारी, डॉ. खालीकुर्रहमान मौजूद रहे।

# रेसीडेंसी ग्रीन कालोनी के गेट पर लगाया बोर्ड

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि**

सांवेर तहसील के ग्राम धरमपुरी (सोलसिंधा) स्थित विवादित भूमि को लेकर न्यायालय में चल रहा मामला अब नया मोड़ लेता नजर आ रहा है। न्यायालय द्वारा यथास्थिति बनाए रखने के आदेश जारी होने के बाद फरियादी पक्ष के चतरबाई, मोहन सिंह, तकेसिंह, गोरधन सिंह, शेरसिंह, और तूफान सिंह ने अधिवक्ता नरेंद्र गोयल के साथ धरमपुरी बायपास स्थित मौके पर पहुंचे और रेसीडेंसी ग्रीन कॉलोनी के मुख्य गेट के समीप न्यायालय के स्टे ऑर्डर का होर्डिंग बोर्ड लगाया।

मिली जानकारी के मुताबिक फरियादी पक्ष ने आरोप लगाया कि नजर पटेल द्वारा उनके पूर्वजों से यह जमीन कथित रूप से गलत तरीके से बीते कई वर्ष पहले ली गई थी, जिसे बाद में रेसीडेंसी ग्रीन के कॉलोनाइजर को विक्रय कर दिया गया। उनका दावा है, कि यह भूमि उनके पूर्वजों की संपति है, जिसे धोखाधड़ी कर हड़पा गया। फरियादियों के अनुसार, भूमि के बीच स्थित तालाब तक पहुंचने के लिए कोई रास्ता नहीं छोड़ा गया है। उनका कहना है, कि मामला लंबे समय से न्यायालय में विचाराधीन होने के बावजूद कॉलोनी विकसित कर प्लॉट काटे जा रहे हैं और उनका विक्रय भी किया जा रहा है। वहीं नजर पटेल ने अपने ऊपर लगाए गए आरोपों को निराधार बताते हुए कहा कि वे न्यायालय के निर्णय का पालन करेंगे। इधर रेसीडेंसी ग्रीन के कॉलोनाइजर दयाप्रकाश कुमावत से संपर्क नहीं हो सका, जबकि कॉलोनी का कार्य देख रहे राम नामक व्यक्ति ने कोई प्रतिक्रिया नहीं दी, वादी पक्ष ने न्यायालय में शपथ पत्र, फोटोग्राफ और सार्वजनिक सूचना बोर्ड सहित अन्य दस्तावेज प्रस्तुत कर आशंका जताई, कि विवादित भूमि को छोटे-छोटे भूखंडों में बेची जा रही है। वही सुनवाई के दौरान वादी पक्ष की ओर से प्रतिवादी पक्ष ने जवाब प्रस्तुत करने के लिए समय मांगा। इसके बाद न्यायालय ने सभी पक्षों को सुनने के बाद अगली तारीख तक विवादित भूमि की वर्तमान स्थिति यथावत बनाए रखने के निर्देश दिए हैं।

## भाजपा नेता करोसिया बने अध्यक्ष



**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** शिवधाम कॉलोनी इंदिरा नगर के अध्यक्ष के रूप में रहवासी संघ ने भाजपा नेता जितेंद्र करोसिया को चुना गया है। इस अवसर पर शिव धाम कॉलोनी के सभी सदस्य एवं अजय चौबे, मुकेश भगवान, गोवर्धनलाल जलोदिया, शैलेंद्र खरे ,सीतारामजी, सपना चौहान, हेडशाप दीपक राठौड़, हितेश पंजड़े, ओम प्रकाश प्रजापत, प्रहलाद, दिनेश राठौर, मनीषा करोड़, रेखा राठौड़, सपना राठौर, विनोद नरवले, अंकित भैया सहित शिव धाम कालोनी के अन्य रहवासी उपस्थित रहे।

# ऊर्जा मंत्री ने की बिजली उपभोक्ताओं से चर्चा



**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** प्रदेश के ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्नसिंह तोमर इंदौर पहुंचे और ओल्ड पलासिया क्षेत्र में बिजली उपभोक्ताओं से संवाद भी किया और आपूर्ति व्यवस्था को लेकर जानकारी भी ली। तोमर ने मनोरमागंज स्थित 33/11केवी सब स्टेशन का भी निरीक्षण किया। ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने उपभोक्ता सेवा को लेकर गंभीरता से कार्य करने और ट्रिपिंग घटाने के निर्देश भी दिए।

## विधायक हार्डिया ने भागवत रसपान करा रहे विद्वान से लिया आशीर्वाद



**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** महेन्द्र हार्डिया ने अपनी विधानसभा के कनाड़िया रोड पर चल रही भागवत कथा में पहुंचकर व्यासपीठ का पूजन किया। और कथा का रसपान करा रहे विवेकानन्द बाबा से आशीर्वाद भी लिया। इस दौरान सूरज जोशी, पूनमचंद जोशी और ब्राह्मण परशुराम महासंघ से जुड़े पदाधिकारी और समाजजन मौजूद रहे।

# अजयसिंह का आज से इंदौर में तीन दिनी दौरा

### कई नेताओं के यहां पहुंचेंगे, शहर और जिले में होगा भ्रमण
### राधेश्याम पटेल ने दिया था दौरे के लिए हेलीकाप्टर का ऑफर

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि**

विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष रहे वर्तमान विधायक अजय सिंह राहुल आज से तीन दिवसीय इन्दौर प्रवास पर आ रहे है और वे आज शाम 4 बजे इंदौर पहुंचेंगे और आज अश्विन जोशी, सुरेश मिंडा, सज्जनसिंह वर्मा, जय हार्डिया, सदाशिव यादव के यहां पहुंचेंगे और कल प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के निवास बिजलपुर पहुंचकर जीतू पटवारी के पिता से आशीर्वाद लेकर अपने दौरे की शुरूआत करेंगे। राहुल सिंह कल राजीव भदौरिया, चन्द्रशेखर पटेल, रमेश यादव उत्साद, रवि वर्मा, श्यामसुन्दर यादव, रघु परमार, आरबी सिंह भदौरिया के यहां पहुंचेंगे। कल दोपहर 3 बजे कांग्रेस कार्यालय गांधी भवन पहुंचकर चिंटू चौकसे और विपिन वानखेडे, दौलत पटेल की मौजूदगी में कांग्रेस नेता और कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर चाय पार्टी भी करेंगे। अपने दौरे के दूसरे दिन अजयसिंह राहुल जिला कांग्रेस अध्यक्ष विपिन वानखेडे के साथ ग्रामीण अंचल के क्षेत्रों का रुख करेंगे, जहाँ वे जमीनी स्तर के कांग्रेस कार्यकर्ताओं के घर-घर जाकर उनसे मुलाकात करेंगे। गांधी नगर में कल कार्यकर्ता मिलन के बाद सोनिया शुक्ला और उसके बाद गोलू अग्निहोत्री के निवास पर पहुंचेंगे जहां भोजन भी होगा। 21 मई को राधेश्याम पटेल के नन्दी परिसर में मिलन आयोजन भी है उसके बाद कांतिलाल वाणी दूधिया, सीमा सोलंकी पार्षद के बाद हातोद, देपालपुर, गौतमपुरा, चन्द्रावतीगंज, जेतपुरा के कार्यक्रम में शरीक होकर वहीं से क्षिप्रा होते हुए भोपाल निकल जाएंगे। ठा. जितेन्द्र सिंह ने बताया कि उनके इस तीन दिवसीय भ्रमण में अलग-अलग जाने के कारण उन्हें राधेश्याम पटेल ने हेलीकाप्टर से घूमने की सलाह भी दी थी, लेकिन अजय सिंह ने कहा कि हमारे नेता राहुल गांधी और प्रियंका गांधी भी कार से कार्यकर्ताओं से मिल रहे हैं, इसलिए में भी कार से ही भ्रमण करूंगा।

# फतेहपुरिया समाज आज धरना देकर करेगा प्रदर्शन

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। फतेहपुरिया समाज के द्वारा आज धरना देकर प्रदर्शन किया जाएगा। यह धरना मल्हारगंज थाने के समीप फतेहपुरिया समाज की धर्मशाला के आसपास के क्षेत्र में किए जा रहे अवैध निर्माण के विरोध में दिया जाएगा। आज सुबह सोशल मीडिया पर यह समाचार प्रसारित किया गया कि मेट्रो प्रोजेक्ट में फतेहपुरिया समाज की धर्मशाला को तोड़ा जा रहा है इसके विरोध में समाज के द्वारा आज प्रदर्शन किया जाएगा। इस जानकारी को जब सिटी ब्लास्ट के द्वारा मेट्रो रेल कंपनी के अधिकारियों से कंफर्म किया गया तो इन अधिकारियों ने कहा कि हमारे प्रोजेक्ट में इस धर्मशाला को तोड़ने का कोई मामला नहीं है। हमारे द्वारा मल्हारगंज क्षेत्र में जिस निर्माण को तोड़ा जाना है वह सभी सरकारी निर्माण है। इन निर्माण को तोड़ने के लिए हमने इंदौर नगर निगम के पास पैसा भी जमा करवा दिया है। मेट्रो कंपनी के अधिकारियों के इस जवाब के बाद जब आगे की जानकारी जुटाई गई तो यह तथ्य सामने आया कि धर्मशाला के आसपास के क्षेत्र में अवैध निर्माण किया गया है। इस निर्माण के विरोध में धर्मशाला की प्रबंधन समिति और क्षेत्र के नागरिकों के द्वारा धरना प्रदर्शन कर आंदोलन किया जाएगा। इस आंदोलन के माध्यम से इस अवैध निर्माण को हटाने की मांग की जाएगी।

# बकरा खरीदने गए युवक का अपहरण!

## कालापीपल से कराया मुक्त, बदमाशों ने मांगी थी 20 लाख की फिरौती

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट।



**चंदन नगर के एक युवक को खजराना इलाके से कुछ बदमाशों ने दिनदहाड़े उठाया और उसे बंधक बनाकर परिजनों से लाखों रुपये की डिमांड कर डाली। पुलिस की मुस्तैदी से युवक को कुछ ही घंटों में ढूंढ निकाला गया, लेकिन मामला अब लेन-देन या किसी अन्य रंजिश की ओर इशारा कर रहा है।**

घटना खजराना थाना क्षेत्र की है। चंदन नगर इलाके का रहने वाला युवक महफूज खजराना क्षेत्र में बकरा खरीदने के लिए आया हुआ था। परिजनों के मुताबिक, जब महफूज खजराना में मौजूद था, तभी वहां कुछ अज्ञात बदमाश आए और उन्होंने महफूज को घेर लिया। बदमाशों ने पहले तो महफूज के साथ सरेराह मारपीट की और फिर वहां खड़ी एक सफेद रंग की कार में उसे जबरदस्ती बिठाया और तेजी से फरार हो गए।महफूज के अचानक लापता होने और मारपीट कर ले जाए जाने के बाद परिवार में हड़कंप मच गया। इसी बीच बदमाशों ने महफूज के परिजनों से संपर्क किया। अपहरणकर्ताओं ने युवक को सुरक्षित छोड़ने के एवज में बीस लाख रुपये की भारी-भरकम फिरौती की मांग की। फिरौती का फोन आते ही घबराए परिजनों ने तुरंत पुलिस से संपर्क किया और घटना की पूरी जानकारी आला अधिकारियों को दी।फिरौती और किडनैपिंग की सूचना मिलते ही इंदौर पुलिस तुरंत एक्टिव मोड में आ गई। खजराना पुलिस और साइबर सेल की टीम ने तुरंत अपहृत युवक के मोबाइल और कार के रूट की लोकेशन ट्रेस करना शुरू किया। पुलिस टीम ने घेराबंदी करते हुए जाल बिछाया और त्वरित कार्रवाई करते हुए कालापीपल से युवक महफूज को सकुशल बदमाशों के चंगुल से मुक्त करवा लिया। इसके साथ ही वारदात में शामिल आरोपियों को भी पुलिस ने अपनी हिरासत में ले लिया है।भले ही परिजनों ने इसे फिरौती के लिए अपहरण का मामला बताया है, लेकिन पुलिस को इस कहानी में कुछ कड़ियां उलझी हुई नजर आ रही हैं। खजराना थाना टीआई मनोज सेंधव के मुताबिक, शुरुआती कार्रवाई में युवक को मुक्त कराकर आरोपियों को पकड़ लिया गया है, लेकिन फिलहाल इस बात की गहनता से जांच की जा रही है कि युवक को वास्तव में जबरन अगवा कर ले जाया गया था या फिर वह किसी पुराने लेन-देन या आपसी रंजिश के चलते अपनी मर्जी से कार सवारों के साथ गया था।

# जल संकट के बीच पानी की नौ टंकी खाली रही

## निगम का दावा-आ गई थी तकनीकी खराबी, अब हो गई दूर

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। **शहर में जोरदार पानी के संकट के बीच आज घर-घर तक पानी पहुंचाने वाली नौ टंकी खाली रही है। इंदौर नगर निगम का दावा है कि तकनीकी खराबी आने से यह समस्या पैदा हुई थी जो कि अब सुधार ली गई है।**

इस समय शहर का सबसे बड़ा मुद्दा पानी है। हर तरफ पानी का संकट सिर चलकर बोल रहा है। शादी के लिए लोग हैरान परेशान है इस परेशानी के दौर के बीच में आज शहर में घर-घर तक पानी पहुंचाने वाली नौटंकी खाली रही है। निगम के अधिकारी इन टंकी में पानी नहीं भर सके।

निगम के अधिकारियों का कहना है कि 19 मई को नर्मदा थर्ड फेज के सभी पंप सुबह 04:46 बजे 132 केवी ग्रिड पर सप्लाई बंद होने के कारण बंद हो गए थे। जो सप्लाई आने पर प्रातः 06:24 बजे 270 एमएलडी के पंप चलाए गए। इसके परिणाम स्वरूप आज नर्मदा तीसरे चरण के पंप बंद होने के कारण 9 टंकी खाली रह गई है। आज शहर में मां विहार कॉलोनी स्नेह नगर यशवंत क्लब नानक नगर टूटी प्रेस, शिव नगर, प्रगति नगर और ग्रेटर वैशाली नगर में स्थित पानी की टंकी खाली रह गई। इसके परिणामस्वरूप इन टंकी से सप्लाई वाले क्षेत्रों में आज जलप्रदाय नहीं किया जा सका है। निगम का दावा है कि जो तकनीकी खराबी आई थी उस खराबी को दूर कर लिया गया है। अब पानी सप्लाई का सिस्टम बराबर काम करता रहेगा।

# पेट्रोल-डीजल में बढ़े 90 पैसे... 5 दिन में दूसरी बार बढ़ोतरी

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।ईरान और अमेरिका युद्ध के चलते पेट्रोल और डीजल के दाम अब बढ़ने लगे हैं। देश में पेट्रोल और डीजल पर आज से 90 पैसे प्रति लीटर की बढ़ोतरी की गई है। 5 दिन में दूसरी बार यह बढ़ोतरी की गई है। शहर में पेट्रोल अब 110.71 रुपए और डीजल 95.90 रुपए हो गया है। दूसरी बार भाव बढ़ने के बाद अब इसका सीधा असर अन्य वस्तुओं के दामों पर भी होगा। आशंका है कि सबसे पहले ट्रांसपोर्टेशन महंगा होगा। इसके पहले पेट्रोल पर 3 रुपए बढ़ाए गए थे।

# विरोध के बाद बंद हुई शराब दुकान फिर खुली



इंदौर, (सिटी ब्लास्ट)। मालवा मिल चौराहा के समीप न्यू देवास रोड़ पर शराब दुकान खुलने की जब अप्रैल माह में रहवासियों को खबर लगी थी, तो वे विरोध करने उतरे थे। इस दौरान चक्काजाम भी किया था और क्षेत्रीय विधायक और पार्षद ने कलेक्टर से बात कर दुकान नहीं खुलने का आश्वासन दिया, जिसके बाद आज यह दुकान खुल गई। शराब दुकान के बाहर कुछ युवक भी खड़े हैं। हालांकि आज कोई इसका विरोध करने नहीं पहुंचा। उल्लेखनीय है कि जिस जगह शराब दुकान खुली है वह नेशनल टेक्सटाइल दिल्ली की जमीन बताई जा रही है, जो लीज पर दी जाने की बात भी कही जा रही है।

# इवेंट के रुपए मांगने गए पिता-पुत्र पर पाइप से हमला

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

**राऊ थाना क्षेत्र में इवेंट के बकाया पैसे मांगना एक परिवार को भारी पड़ गया। आरोपियो ने बीच सड़क पर पाइप निकालकर पिता-पुत्र की बेरहमी से पिटाई कर दी। पुलिस ने घायलों को अस्पताल भिजवाकर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।**

पुलिस के अनुसार, घटना राऊ के एबी रोड स्थित रामचंद्र परिसर गार्डन के सामने की है। फरियादी अंश पिता राज मुकाती निवासी नंदन नगर ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। अंश ने पुलिस को बताया कि उसके पिता राज मुकाती का इवेंट का पैसा आरोपी अमन मुकाती निवासी रामानंद नगर, चंदन नगर पर बकाया था। पिता के कहने पर अंश अपनी मोटरसाइकिल से अमन से इवेंट के रुपये लेने के लिए निकला था।जैसे ही अंश रामचंद्र परिसर गार्डन के पास पहुँचा, वहाँ उसे अमन मुकाती मिला। अंश ने जब उससे अपने पिता के इवेंट के हक के पैसे मांगे, तो अमन भड़क गया और सरेराह गालियां देने लगा। जब अंश ने गाली देने से मना किया, तो आरोपी अमन ने पास ही रखा लोहे का पाइप उठाया और अंश पर हमला कर दिया। अमन ने पाइप से अंश की गर्दन, सिर, पीठ और बाएं पैर पर ताबड़तोड़ कई वार किए, जिससे वह लहूलुहान हो गया।इसी दौरान अंश के पिता राज मुकाती भी मौके पर पहुँच गए। अपने बेटे को पिटता देख जब उन्होंने बीच-बचाव करने की कोशिश की, तो आरोपी अमन मुकाती और उसके अन्य साथियों ने मिलकर राज मुकाती को भी घेर लिया। आरोपियों ने राज मुकाती पर भी पाइप से जानलेवा हमला कर दिया और उन्हें भी बुरी तरह पीटकर घायल कर दिया। वारदात के बाद राहगीरों को इकट्ठा होता देख आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से भाग निकले।

## मां ने बेटे के घर में न होने का कहा तो

# बदमाशों ने बरसाईं शराब की बोतलें, खिड़की के कांच फूटे

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

**एरोड्रम थाना क्षेत्र में देर रात कुछ शातिर बदमाशों ने एक घर के सामने जमकर उत्पात मचाया और दहशत फैलाने के उद्देश्य से पथराव व बोतलबाजी की वारदात को अंजाम दिया।**

पुलिस के अनुसार, घटना विद्या पैलेस कॉलोनी की है। यहाँ रहने वाली फरियादी महिला आरती पति अशोक अग्रवाल ने थाने पहुँचकर आरोपियों के खिलाफ नामजद शिकायत दर्ज कराई है। आरती ने पुलिस को बताया कि क्षेत्र का रहने वाला आरोपी राज गोल्डन निवासी संगम नगरअपने दो साथियों अक्षय निवासी उमंग पार्क कॉलोनी और लक्की यादव के साथ मिलकर उनके घर के बाहर पहुँचा। तीनों आरोपियों ने घर के बाहर खड़े होकर आरती के बेटे आयुष का नाम लेकर जोर-जोर से आवाजें लगाना शुरू कर दिया।आवाज सुनकर जब आरती अग्रवाल घर से बाहर निकलीं, तो उन्होंने आरोपियों से कहा कि उनका बेटा आयुष अभी घर पर मौजूद नहीं है। इतनी सी बात सुनते ही तीनों आरोपी आपा खो बैठे और सरेराह महिला को गालियां देने लगे। जब पीड़ित महिला ने उन्हें घर के सामने इस तरह अभद्र भाषा का इस्तेमाल करने से मना किया और विरोध जताया, तो आरोपियों ने गुंडागर्दी शुरू कर दी।आरोपियों ने अपने पास रखी शराब की खाली बोतलें एक के बाद एक आरती के घर पर फेंककर मारना शुरू कर दिया। बोतलें इतनी तेजी से मारी गईं कि वे सीधे घर के सामने लगी खिड़की पर जा लगीं जिससे खिड़की के सारे कांच चकनाचूर होकर टूट गए।कांच टूटने की आवाज और बदमाशों के हंगामे से आसपास के लोग भी सहम गए। भीड़ को इकट्ठा होता देख तीनों आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से भाग निकले।एरोड्रम थाना पुलिस ने पीड़ित महिला आरती अग्रवाल की रिपोर्ट पर आरोपियो के खिलाफ प्रकरण पंजीबद्ध कर लिया है।

# चंदन नगर ब्रिज के निर्माण के लिए 53 लाख में शिफ्ट होगी पानी की लाइन

## प्राधिकरण का काम करने के लिए निगम ने शुरू कर दी तैयारी

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

**चंदन नगर ब्रिज के रूप में धार रोड पर फ्लाईओवर ब्रिज का निर्माण करने के लिए इंदौर नगर निगम के द्वारा पानी की लाइन की शिफ्टिंग की जाएगी। इस काम पर 53 लाख रुपए खर्च होंगे। इंदौर विकास प्राधिकरण के द्वारा इस ब्रिज का निर्माण करने के लिए इंदौर नगर निगम के द्वारा तैयारी शुरू कर दी गई है।**

धार रोड पर यातायात की समस्या का समाधान करने के लिए चंदननगर के पास से लेकर जिला अस्पताल के आगे तक एक फ्लाईओवर ब्रिज का निर्माण करने की योजना तैयार की गई है। यह योजना मूल रूप से इंदौर नगर निगम के द्वारा बनाने की पहल की गई थी। बाद में इस योजना को बनाने का काम इंदौर विकास प्राधिकरण के द्वारा किया गया। प्राधिकरण के चालू वित्त वर्ष के बजट में इस फ्लाईओवर ब्रिज का निर्माण करने के लिए प्रावधान किया गया है। अब प्राधिकरण की ओर से इस ब्रिज का निर्माण शुरू किया जाए उसके पहले इसकी तैयारी शुरू हो गई है। जिस स्थान पर ब्रिज का निर्माण किया जाना है उस स्थान पर नीचे इस क्षेत्र की जल वितरण करने की पानी की लाइन आ रही है। इंदौर नगर निगम के द्वारा इस लाइन को इस स्थान से हटाकर दूसरे स्थान पर शिफ्ट करने के लिए योजना तैयार की गई है।

निगम के द्वारा बनाई गई योजना में इस कार्य को करने में 53 लाख रुपए की राशि खर्च होने का अनुमान लगाया गया है। निगम की ओर से यह भी योजना बनाई गई है कि वर्तमान में यह लाइन किस स्थान पर है और उसे शिफ्ट करते हुए किस स्थान पर किया जाना है। अब इस कार्य को करने के लिए नगर निगम के द्वारा ठेकेदार की तलाश शुरू कर दी गई है। निगम के अधिकारियों ने बताया कि ठेकेदार एजेंसी को फाइनल कर निगम इस काम को शुरू करवाना चाहता है। इस काम को करने में 6 महीने का वक्त लगेगा। जब तक यहां काम पूरा होगा तब तक बारिश का मौसम भी समाप्त हो चुका होगा। ऐसी स्थिति में इंदौर विकास प्राधिकरण के द्वारा आसानी के साथ इस फ्लाईओवर ब्रिज के निर्माण का कार्य को शुरू किया जा सकेगा।

### पश्चिम क्षेत्र में पहला फ्लाईओवर ब्रिज

इंदौर विकास प्राधिकरण के माध्यम से शहर के पश्चिमी क्षेत्र में यह पहला फ्लाईओवर ब्रिज बनाने का काम शुरू किया जाएगा। इसके अलावा पश्चिमी क्षेत्र में ही बड़ा गणपति चौराहा पर भी फ्लाई ओवर ब्रिज बनाने की योजना है। यह योजना पिछले काफी समय से इंदौर विकास प्राधिकरण के द्वारा बनाई गई है। अभी यह योजना कागजों पर ही अटकी हुई है। इस योजना के क्रियान्वयन की दिशा में कोई महत्वपूर्ण पहल नहीं हो सकी है।

### बदल जाएगी तस्वीर

धार रोड पर चंदन नगर वाले क्षेत्र में फ्लाईओवर ब्रिज का निर्माण कर दिए जाने से इस क्षेत्र की तस्वीर बदल जाएगी। इस क्षेत्र में यातायात निर्बाध रूप से चल सकेगा। इस समय इस क्षेत्र में यातायात के दबाव के कारण जो आए दिन जाम लगने की स्थिति बनती है उस स्थिति से लोगों को मुक्ति मिल जाएगी। एसएमएस क्षेत्र के संपूर्ण विकास का रास्ता खुल जाएगा।

# एलएनटी और नगर निगम कर्मचारियों की लड़ाई का खामियाजा भुगत रहा है शहर

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

वर्तमान में इंदौर शहर के रहवासी पानी के लिए संघर्ष कर रहे हैं इस संघर्ष के लिए हर कोई एक दूसरे पर अपने हिसाब से दो-चार कर रहा है और अपना दामन बचाने का प्रयास किया जा रहा है लेकिन असली वजह और लड़ाई पानी पर एकाधिकार करने की है यही कारण है कि इंदौर नगर निगम के कर्मचारी और एलएनटी के कर्मचारियों के बीच जो पानी पर एकाधिकार करने की लड़ाई चल रही है इसका खामियाजा पूरे इंदौर शहर को भुगतना पड़ रहा है।

**अभी भी इंदौर में पानी की चाबी पूर्व अधिकारियों के पास**

### पानी पर एकाधिकार की लड़ाई जारी

शहर में 85 वार्ड हैं और 105 पानी की टंकियां टंकियां नहीं भरने और वाल्व अपने हिसाब से खोलने की लड़ाई टंकी के निर्माण के साथ ही इस शहर में शुरू हुई थी, जिस किसी क्षेत्र में टंकी का निर्माण होता है उसके साथ ही उसे टंकी की डिस्ट्रीब्यूशन लाइन दबंग नेता के क्षेत्र तक जाती है, एकधिकार उसी का माना जाता है। इस लड़ाई को खत्म करने के लिए पूर्व नगर निगम आयुक्त आशीष सिंह और पूर्व महापौर मालिनी गौड़ द्वारा प्राइवेट एजेंसी एलएनटी को टंकी भरने वालों खोलना और उसके मेंटेनेंस के साथ साफ सफाई का जुम्मा भी दिया गया। इसके बाद यह लड़ाई और तेज हो गई क्योंकि इसके पूर्व प्रत्येक पानी की टंकी पर नगर निगम द्वारा अपने कर्मचारी वाल्व खोलने और बंद करने के साथ ही टंकी भरने का काम करते थे जो कि अधिकतर पार्षद विधायक के अप्रोच से नगर निगम में लगे हुए हैं, वर्तमान में भी टंकियां में पानी भरने का ठेका एलएनटी के पास भले ही हो लेकिन इस जल संकट के समय में टंकियां इस क्षेत्र की भरी जा रही है जिस क्षेत्र का दबदबा ज्यादा है।

### 30 लाख आबादी को पानी पिलाना चुनौती

मामले में महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने बताया कि हर वर्ष जल संकट को लेकर स्थिति इतनी खराब नहीं होती थी लेकिन इस बार नगर निगम के 6500 शासकीय बोरिंग में से 3500 बोरिंग सूख चुके हैं इसके अलावा घरों के निजी बोरिंग भी सूख रहे हैं इसी के कारण जलसंकट की स्थिति लगातार विकट होती जा रही है लोगों की परेशानी बढ़ रही है। वर्तमान में पूरा शहर 430 एमएलडी पानी पर निर्भर हो गया है जबकि इंदौर नगर निगम सीमा क्षेत्र में आबादी की बात की जाए तो यह 25 से 30 लाख के करीब है ऐसे में पानी के लिए संकट उत्पन्न होना स्वाभाविक है। आज से शहर की सभी पानी की टंकियां पर नगर निगम के उप यांत्रियों की ड्यूटी लगाई गई है जो की टंकी के वाल खोलने और भरने की जिम्मेदारी उठाएंगे इसके अलावा हर टंकी पर अब पुलिस व्यवस्था करने पर भी विचार किया रहा है।

### प्रदर्शन करने से पहले कांग्रेसी मुझे टैंकरों का हिसाब दे

महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने कांग्रेसियों से उनके वार्ड में दिए गए पानी के टैंकर का हिसाब मांगा है, उन्होंने कहा कि सबसे अधिक पानी के टैंकर भाजपा पार्षदों के वार्ड में भी नहीं है उससे कहीं अधिक टैंकर कांग्रेसी पार्षदों के वार्ड में दिए गए हैं, जो लोग प्रदर्शन कर रहे हैं उनसे मेरा आग्रह है कि वह नगर निगम में आकर यह हिसाब की उन्होंने अपने वार्ड में 10 से 12 टैंकरों से कितने स्थान पर पानी डाला जबकि भाजपा के पार्षद चार से पांच टैंकरों में काम चला रहे हैं।

वहीं दूसरी ओर कांग्रेस के पार्षद राजू भदोरिया ने कहा है कि शहर में पानी का संकट गहरा गया है और इसके लिए जवाबदारी नगर निगम की नीतियां हैं केवल वाह-वाही करने और जमीनी हकीकत पर ध्यान नहीं देने वाले महापौर इसके लिए जिम्मेदार हैं आने वाले समय में आक्रोश और बढ़ने वाला है।

### आज देना होगा जवाब

नगर निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल ने बताया कि एलएनटी के कर्मचारियों की बैठक आज बुलाई गई है यह सुनिश्चित किया जाएगा की जिस काम की जिम्मेदारी उन्हें दी गई है वह पूरी ईमानदारी से की जाए प्रत्येक टंकी पर अपने कर्मचारियों की उपस्थिति सुनिश्चित करनी होगी, इसके अलावा नर्मदा पानी की टंकियां पर पुलिस सुरक्षा सुनिश्चित करने पर भी विचार किया जा रहा है इसके लिए जल्द ही एक समन्वय बैठक बुलाई जाएगी।

# केंद्रीय मंत्री सावित्री ठाकुर ने किया ई-रिक्शा से दौरा...




धार ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

**धार-महू सांसद और केंद्रीय महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर ने गुरुवार से अपने वाहन काफिले में कटौती की है, उन्होंने वर्तमान राष्ट्रीय परिदृश्य और जनसुरक्षा की संवेदनशील परिस्थितियों को देखते हुए यह निर्णय लिया,मंत्री ठाकुर ने अपने काफिले से पायलट और फॉलो वाहन को त्याग दिया,उन्होंने इस कदम को सादगी, उत्तरदायित्व और राष्ट्रनिष्ठा का संदेश बताया।**

केंद्रीय महिला एवं बाल विकास राज्यमंत्री सावित्री ठाकुर ने हाल ही में सादगी और पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए एक नई पहल की है, उन्होंने अपने सरकारी काफिले को छोड़कर ई-ऑटो रिक्शा से शहर का भ्रमण किया, जो सोशल मीडिया और जनता के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है, केंद्रीय महिला एवं बाल विकास राज्यमंत्री सावित्री ठाकुर द्वारा ई-ऑटो रिक्शा का उपयोग करना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ईंधन बचत और पर्यावरण संरक्षण के हालिया आह्वान का सीधा अनुसरण है,प्रधानमंत्री ने नागरिकों और नेताओं से अपील की थी कि वे पेट्रोल-डीजल की खपत कम करने के लिए सार्वजनिक परिवहन और इलेक्ट्रिक वाहनों का अधिक से अधिक उपयोग करें, इसी अपील से प्रेरित होकर सावित्री ठाकुर ने अपने नवाचार के जरिए एक सशक्त संदेश दिया है,मंत्री ठाकुर ने अपने काफिले से सुरक्षा पायलट और फॉलो वाहनों को हटाकर आम नागरिक की तरह यात्रा की,धार क्षेत्र के दौरों के दौरान उन्होंने पर्यावरण अनुकूल ई-ऑटो रिक्शा को प्राथमिकता दी,उन्होंने कहा कि वर्तमान समय राष्ट्रहित को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का है,प्रत्येक नागरिक का यह नैतिक दायित्व है कि वह राष्ट्र और समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन पूर्ण निष्ठा और प्रतिबद्धता के साथ करे,मंत्री ठाकुर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान का भी उल्लेख किया।



## समर कैम्प का आयोजन

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** पंचमूर्ति नगर स्कूल में आयोजित समर कैम्प में मंत्री सोनम निनामा पहुंची तो उनका सम्मान किया गया। संतोष अजमेरिया, थानसिंह सिसोदिया, मंजू सहित अन्य मौजूद थे।

# मातृशक्तियों ने धारण किए कलश



**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** बालकृष्ण शास्त्री के श्रीमुख से पंचकुइया स्थित श्री राम मंदिर आश्रम में आयोजित भागवत कथा के पूर्व कलश यात्रा राजनगर स्थित माता मंदिर से निकाली गई। मातृशक्तियों ने सिर पर कलश धारण किए। मंजुला शर्मा, ऋतु तिवारी, मीना जोशी, प्रमोद जोशी, अंजलि संजय शुक्ला, विनीतिका दीपू यादव, रमेश ताम्रकर, गोपाल भावसार, अशोक अग्रवाल, विशाल जोशी, विनोद नीमा, सुनील गुर्जर, कविता प्रजापत, संजली शर्मा, वर्षा शर्मा, आशा रोकड़े, अंजलि शास्त्री, प्रीति उपाध्याय मौजूद थे।

## कल से अग्रवाल की स्मृति में महिलाओं के लिए स्वास्थ्य शिविर

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

बालाजी सेवार्थ विनोद अग्रवाल फाउंडेशन, छवि सोशल वेलफेयर सोसायटी एवं गुरुजी सेवा न्यास द्वारा बॉम्बे हॉस्पिटल के पीछे संचालित चमेलीदेवी अग्रवाल मेडिकल सेंटर तथा छावनी स्थित चमेलीदेवी अग्रवाल रेडक्रॉस सेंटर पर 20-21 मई को नीना देवी अग्रवाल की स्मृति में आम महिलाओं के लिए हो रहे दो दिवसीय स्वास्थ्य शिविर का आयोजन सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक होगा। इस शिविर को लेकर बैठक का आयोजन कर अंतिम रूप दिया गया। अलग-अलग चिकित्सक महिलाओं को चिकित्सा परामर्श भी देंगी।



## मराठी में सुनी जा रही है भागवत कथा

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

नाथ मंदिर तुकोगंज पर गुरु माता प्रज्ञानंद सरस्वती मराठी में देवी भागवत कथा का रसपान करा रही है। बडी संख्या में मराठी महाराष्ट्रीयन समाजजन इस कथा का रसपान लेने शाम 5 से रात 8 बजे तक पहुंच रहे है। कथा के पूर्व भागवतजी की शोभायात्रा भी निकाली गई।





## साधना दगड़े का सम्मान

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** गोधा के सामाजिक संसद की महिला प्रकोष्ठ में अध्यक्ष पद पर साधना दगड़े का मनोनयन हुआ तो उनका जैन समाजजनों के साथ मातृशक्तियों ने भी सम्मान किया।

## बस ऑपरेटरों ने किया श्रद्धांजलि आयोजन

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** इंदौर बस ऑपरेटर एसोसिएशन ने विगत दिनों मक्सी बस हादसा में मृत नाबालिग की दुखद मृत्यु पर श्रद्धांजलि का आयोजन किया। नासिर खान, हरिप्रकाश दुबे, अरुण गुप्ता, अमित गुप्ता, नरेश डोसी, राजेन्द्र राय, हरिओम दुबे, अखलाक चौहान, गोलू शर्मा आदि मौजूद थे।





## पंखे भेंट किए

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** पंजाबी महिला एवं विकास मंडल द्वारा पालीवाल स्कूल में पंखें भेंट किए। अंजू शर्मा, हरलाल पालीवाल मौजूद रहे।



## आरती त्रिवेदी को अवार्ड

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** यूनाइटेड शिदो कराते एसोसिएशन ऑफ़ इंडिया की प्रशिक्षक डॉ. आरती त्रिवेदी को दिल्ली में आयोजित एनडीएमसी कन्वेंशन में 100 आइकानिक वुमन ऑफ़ इंडिया का अवार्ड प्रसिद्ध बालीवुड अभिनेत्री रितु शिवपुरी द्वारा दिया गया। इस कार्यक्रम में भारत के कौने-कौने से आई प्रतिष्ठित एवं ऐतिहासिक कार्य शैली के लिए 100 महिलाओं का चयन किया गया। उल्लेखनीय है कि हरिद्वार में खेली गई अंतर्राष्ट्रीय कराते स्पर्धा में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया एवं वजन वर्ग में काता और कुमिते (फाइट) में स्वर्ण पदक प्राप्त किया था। उमाशंकर तरेटिया, कृपाकान्त सोनी, कमल सोनी, भारतसिंह राठौर, दत्तु पुन्धर, मनीष गौर, अलोक मालवीय, कमलेश कालानी, महेंद्रसिह चौहान, अक्षत सोनी ने बधाई दी।



## सिंधियत की पाठशाला का समापन

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

सिंधी साहित्य अकादमी, संस्कृति परिसर सिंधी सुजाग संगत एवं भारतीय सिंधु सभा सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वाधान में सिंधियत की पाठशाला का 15 दिवसीय आयोजन संस्था संस्कारों की पाठशाला किंडर बड्स स्कूल में किया गया। सिंधी समाज से जुड़े 8 से 16 वर्ष के बच्चों को नमोष तलरेजा ने सिंधी महापुरुष, फ्रीडम फायटर, संत, तीज त्योहार, शरीर के अंग, वस्त्र, खान-पान, वेश भूषा, संस्कृति, फल, सब्जी, दिन, माह आदि की शिक्षा दी। पंकज फतेहचंदानी, डॉ. धीरज हासीजा, डॉ. दीपिका हासीजा, कंचन गिदवानी, अजय शिवानी, मनीष देवनानी, राजेन्द्र सचदेव, नन्दलाल खतुरिया, रवि भाटिया, कमल पुरी महाराज का सहयोग रहा।

## राधारमण स्वरूप में सजे अलीजा, शाम को होगा नौका विहार और कीर्तन

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट )।** पंचकुइया रोड स्थित वीर अलीजा हनुमान मंदिर पर आज ज्येष्ठ मास के तीसरे और अधिकमास के पहले बड़े मंगलवार को हनुमान जी को राधारमण स्वरूप में सजाया गया। फूल बंगला भी सजाया गया। वही शाम 7.30 बजे हनुमानजी और भगवान बद्रीविशाल नौका विहार करते भक्तों को दर्शन देंगे। मंदिर के गादीपति पवनानंद महाराज ने बताया कि रात को भजन गायक सुधीर व्यास भजनों की प्रस्तुति देंगे।




## चारभुजानाथ के जयकारों के साथ पानी और शरबत की सेवा



**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** चारभुजानाथ मंदिर मल्हारगंज के बाहर भगवान के जयकारों के साथ श्री परशुराम महासभा युवा वाहिनी, स्वतंत्रता सेनानी परिजनों एवं स्काउट-गाइड के बच्चों द्वारा गर्मी के मद्देनजर ठंडा पानी और शरबत का वितरण किया गया। आदित्य पाराशर, लीलाधर शर्मा, कैलाश पाराशर, कुणाल मिश्र, नारायण राही, राकेश शास्त्री, दिनेश दुबे, अनिरुद्ध शर्मा, गणेश शर्मा, राजीव शर्मा सहित अन्य मौजूद थे।

# जैन फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष बने कोठारी



**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** अ.भा. जैन श्वेताम्बर सोशल ग्रुप्स फेडरेशन में समाजसेवी कमलेश कोठारी सर्वसम्मति से राष्ट्रीय अध्यक्ष निर्विरोध निर्वाचित किए गए है। कोठारी का कार्यकाल दो वर्ष का रहेगा। सभी समाजजनों ने फेडरेशन के सेवा प्रकल्पों को और गति देने का संकल्प भी लिया। नरेन्द्र भंडारी अध्यक्ष इलेक्ट, जिनेश्वर जैन निवृत्तमान राष्ट्रीय अध्यक्ष, गौतम मूणत कार्याध्यक्ष, अखिल चौधरी चेयरमैन, रितेश कटकानी, सुनील मारवाड़ी, निर्मल पगारिया एवं नीरज जैन वरिष्ठ उपाध्यक्ष, कमलेश सामोता, विनोद कुकड़ा तथा संजय जैन उपाध्यक्ष, सुनील तांतेड, पंकज बाफना एवं अशोक मोदी महासचिव, सीए विनोद जैन कोषाध्यक्ष, सुनील मुरडिया, संध्या छाजेड एवं पंकज जैन पोरवाल सचिव तथा संजय जैन प्रचार सचिव मनोनीत किए गए हैं। प्रकाश भटेवरा, जयसिंह जैन, डॉ. नरेन्द्र धाकड़, दिलीप जैन, दिलीप सिसोदिया, राजेंद्र सुराणा एवं सभी पूर्व अध्यक्ष, पीयूष जैन, राजेंद्र जैन, नरेन्द्र संचेती, संजय नाहर ने बधाई दी।

# महिला संकाय ने किया बाल आनन्दोत्सव



**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

भारत विकास परिषद् अहिल्या नगरी महिला संकाय द्वारा बाल आनन्दोत्सव आयोजित किया गया। नन्हें-मुन्ने बच्चों ने अपनी आगे बड़े होकर इच्छा भी बताई। 100 बच्चों ने कविता एवं कहानी सुनाई, सूर्य नमस्कार किया, चित्रकला में अपनी कल्पनाशीलता से सुंदर चित्र उकेरे, जुंबा डांस, सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी आदि में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया एवं आनंद लिया। गर्मी की छुट्टियों में नाना के घर आए बच्चे खूब खेले, पुरस्कार जीते एवं उपहार पाएं। बच्चों के बनिस्बत बच्चियों का उत्साह एवं ज्ञान ज्यादा देखने को मिला। मुख्य रूप से दैनंदिनी/ मजदूरी/ नौकरी करने वाले माता पिता में से माँ पर ही इन बच्चों की परवरिश की ज़िम्मेवारी ज़्यादा है। परिषद् के सदस्यों ने भी खूब जिया आनंद की इस अनुभूति को, याद किया अपने बचपन एवं खूब खेला इन बच्चों के साथ। आयोजन में नीरज-सपना अग्रवाल, गगन-रुपाली गुप्ता, काम्या श्रीद्धी, राकेश-प्रीति धनोते, ईशिता धनोते, गौरव-पंखुरी माहेश्वरी, धैर्य माहेश्वरी, काव्य माहेश्वरी, डॉ पिंकी टोपीवाला, रुद्रांशी, रुद्रिका, संजय मेहता, कैलाश खंडेलवाल सहित अन्य ने अपनी भूमिका निभाई।



# माहेश्वरी महिलाएं करा रही हैं साधना महोत्सव

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** मध्यक्षेत्र माहेश्वरी महिला मंडल, द्वारा पुरुषोत्तम साधना महोत्सव' का आयोजन श्री लक्ष्मी व्यंकटेश देवस्थान, छत्रीबाग में किया जा रहा है। प्रातः 6.30 बजे से महायज्ञ और 6.30 अभिषेक और शाम को भगवान वेंकटेश को भोग अर्पण किया जा रहा है। श्री लक्ष्मीनारायण नाम अर्चना में 121 जोड़ों ने श्रद्धापूर्वक सहभागिता कर पुण्य लाभ अर्जित किया। भजनों की प्रस्तुति भी दी गई। आयोजन 22 मई तक चलेगा। आयोजन से सरिता बियाणी, सुषमा लाहोटी, सीमा लड्ढा, शीतल लोया, पिंकी मंत्री, पूजा माहेश्वरी, कंचन पलोड, अर्चना मोदानी, शैफाली मूंदड़ा. कविता मंत्री जुडी हुई है।

# भारतीय उद्योग मंडल का गठन

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** भारतीय उद्योग मंडल द्वारा इंदौर इकाई के गठन की घोषणा की गई है। अध्यक्ष गोविन्द अग्रवाल, महामंत्री अक्षय जैन को गोपालदास अग्रवाल की अनुशंसा पर मनोनीत किया। अग्रवाल और जैन पहले से व्यापारी एसोसिएशन की जिम्मेदारी निभा रहे है।







# 220 आंखों की जांच 22 का होगा आपरेशन

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** जैन श्वेताम्बर सोशल ग्रुप सीनियर सिटीजन,चोइथराम नेत्रालय संयुक्त तत्वावधान में एकीकृत शा.प्र.विद्यालय पोलाय कला गांव पर नेत्र शिविर लगा जिसमें 220 मरीजों ने लाभ लिया, 22 मरीजों का मोतियाबिंद ऑपरेशन हेतु चयन किया गया जिनके आपरेशन निशुल्क होंगे, जरूरतमंद को 110 चश्मे रियायती दरों पर दिए गए।



# कैथोलिक धर्मप्रांत ने मनाई प्लेटिनम जुबली

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** कैथोलिक धर्मप्रांत ने प्लैटिनम जुबली का उद्घाटन रेड चर्च में बिशप थॉमस मैथ्यू द्वारा किया गया। बडी संख्या में धर्मप्रांत के विभिन्न पल्लियों की मौजूदगी रही। पवित्र मिस्सा अर्पित की गई। बिशप थॉमस मैथ्यू, आर्चबिशप लियो कॉर्नेलियो, बिशप चाको ने अपना दायित्व निभाया।

# विद्युत पेंशनर्स हित रक्षक संघ का प्रदर्शन कल

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** पेंशनर्स हित रक्षक संघ द्वारा इंदौर विद्युत कम्पनी के मनमाने निर्णय के खिलाफ कल 20 मई को सुबह 11 बजे पोलोग्राउण्ड स्थित मुख्यालय मुख्य द्वार पर धरना प्रदर्शन किया जाएगा। आरडी मिश्रा ने उक्त जानकारी दी।



# काव्य गोष्ठी का आयोजन

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** अवध समाज साहित्यिक संगठन द्वारा काव्य गोष्ठी के आयोजन में प्रस्तुतियां दी गई। अदिति राहुल निहोरे का स्वागत किया गया। भावेन्द्र सक्सेना, देवेंद्र साहू प्रवाह, पूनमचंद यादव पूनम ,पत्रकार ललित शर्मा, ज्ञानी रायकवार, हिरा लाल वर्मा, मनोज दुबे, हरीश हँस, राजेश कुमार नगीना, मुस्ताक अंसारी, गोहर देवासी कवयित्री उर्मिला रायकवार ने प्रस्तुतियां दी।

# जैन सोशल ग्रुप ने लिया सेवा का संकल्प

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट**

जैन सोश्यल ग्रुप स्वागत की स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने पर रिसोर्ट मे सदस्यों ने मिलन समारोह में गीत गाए, नृत्य किया और अनुभव भी साझा किए, कई गैम भी खेले गए। योगेन्द्र जैन, श्रीपाल सकलेचा, विजय जैन, ललित वोरा, मोहनलाल जैन, सुशील गोखरू, सुरेश छाजेड, विमल बापना, दिनेश धींग मौजूद थे।





# शिक्षा सहायता और प्रतिभा सम्मान

## जैन समाजजन ने कार्यक्रम के दौरान संत के भी सुने प्रवचन

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** दिगम्बर जैन आम समाज संगठन इंदौर एवं श्रुति फाउंडेशन द्वारा आयोजित शिक्षा सहायता योजना एवं प्रतिभा सम्मान समारोह के आयोजन में मुनि आदित्य सागर म.सा. ने मौजूद बच्चो और जैन समाजजनों को सार्थक प्रवचन दिए। खासतौर चरित्र कमजोर ना हो इसका ध्यान रखने की बात भी कही। इंद्रकुमार वीणा सेठी ने बताया कि शिक्षा सहायता योजना के अंतर्गत आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों को प्रदान की जा रही छात्रवृत्ति के फॉर्म कार्यक्रम में वितरित किए गए तथा विभिन्न कक्षा में अच्छे अंक प्राप्त करने वाले मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान भी किया गया। वीरेन्द्र बड़जात्या, पवन जैन, पंकज जैन, कमल रॉवका, महेंद्र निगोत्या,बरखा बड़जात्या, लीना कासलीवाल सहित अन्य जैन समाजजन मौजूद थे।

# दालों में फिर तेजी का तड़का

## तुवर दाल देशी-विदेशी में 200 से 300 रु. क्विंटल तक बढ़े बाजार, चना मटर, मसूर और मूंगदाल में 100 से 150 रु. क्विंटल की तेजी



**इंदौर।** केंद्र सरकार द्वारा पिछले दिनों एमएसपी बढ़ाने के बाद से बाजारों में फिर से हलचल शुरू हो गई है। इंदौर दाल-चावल मार्केट के थोक बाजारों छावनी सियागंज, मल्हारगंज में इन दिनों में एक बार फिर से दालों के भाव में 200 से 300 रु. क्विंटल तक की तेजी हो गई है। जिसके चलते तुवर दाल देसी विदेशी 200 से 300 रु. प्रति क्विंटल, चना दाल, मटर, मसूर और मूंग दाल के भाव में भी 100 से 150 रुपए प्रति क्विंटल तक भाव बढ़ाए गए है। जिससे एक बार फिर बाजार में तेजी की हलचल से बाजार में सुधार नजर आ रहा है। यही नहीं खेरची बाजारों में भी तेजी के बाद काउंटर ग्राहकी शुरू बढ़ने लगी है। जिससे दालों के इन दिनों पूछ परख बढ़ रही है।

**इधर, बासमती चावल की भी बढ़ी डिमांड-** इधर, थोक बाजार में बासमती चांवल की ग्राहकी और डिमांड पहले से ज्यादा होने से हाल ही में भाव में 200 से 300 रुपए क्विंटल तक की तेजी के बाद से अब बासमती चावल में डिमांड होने के बाद भी फिलहाल भाव में स्थिरता है। यही नहीं स्टॉक की कमी के चलते थोक बाजार में तेजी की अधिक संभावना बताई जा रही है। वही कहां जा रहा है कि आने वाले दिनों में स्टाफ की कमी के चलते चावल के भाव में 200 से 300 रु. क्विंटल तक बाजार बढ़ने की संभावना है। वहीं वर्तमान में थोक बाजार में बासमती चावल की अच्छी पूछ परख और खरीदी हो रही है। जिससे थोक व्यापारियों को आने वाले दिनों में चांवल के भावों में मंदी की संभावना बिल्कुल नहीं है।

# फॉरेस्ट, राज्य सेवा प्री एग्जाम के रिजल्ट 30 मई तक आएंगे

**इंदौर।** मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग की दो बड़ी परीक्षाओं के रिजल्ट 30 मई तक आएंगे। राज्य सेवा प्री और वन सेवा प्री एग्जाम 26 अप्रैल को आयोजित की गई थी। इसमें 1 लाख से ज्यादा अभ्यर्थी शामिल हुए थे। अब जल्द फाइनल आंसर की आने वाली है। फिर रिजल्ट आएगा। लेकिन बड़ा सवाल यह है कि महज 32 पदों वाला स्टेट इंजीनियरिंग सर्विस एग्जाम का रिजल्ट क्यों रुका है। इसका कोई जवाब एमपी पीएससी के पास नहीं है।

**नहीं बढ़ेंगे पद, नहीं है वैकेंसी खाली-** इन तीनों ही एग्जाम में पद बढ़ाने की संभावना खत्म हो गई है। पहले माना जा रहा था कि कुछ पद जोड़े जाएंगे। विशेष तौर पर राज्य सेवा परीक्षा 2026 और स्टेट इंजीनियर सर्विस एग्जाम में पद बढ़ाने पर अमल किया जा रहा है लेकिन अब उसकी संभावना खत्म हो गई है।

**155 पद हैं राज्य सेवा में -** राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा-2026 अप्रैल माह की 26 तारीख को हुई। सिर्फ 155 पद दिए गए हैं। अभ्यर्थी नाराज हैं क्योंकि 2024 में 110 और 2025 में भी सिर्फ 158 पद दिए गए थे। 26 अप्रैल को होने वाली प्री एग्जाम के परिणाम से पहले पद बढ़ाने होंगे। लेकिन अब इसके आसार नहीं है। वैसे रिजल्ट 31 मई तक आएगा तब तक मौका तो है।

**वन सेवा परीक्षा : जनरल कैटेगिटी को शून्य पद -** फॉरेस्ट मतलब वन सेवा परीक्षा में जनरल कैटेगिरी के 0 पद दिए गए। कुल 30 पद हैं। संभावना थी कि 20 से 25 नए पद जोड़े जा सकते हैं। 26 अप्रैल को प्री एग्जाम है। इसके रिजल्ट से पहले ही पद जोड़ना होंगे। लेकिन अब संभावना खत्म हो गई है। क्योंकि विभागों ने पद नहीं भेजे।

**स्टेट इंजीनियरिंग सर्विस एग्जाम का रिजल्ट जल्द, संभावना खत्म-** स्टेट इंजीनियरिंग सर्विस परीक्षा के लिए सिर्फ 32 पद दिए गए हैं। जबकि अभ्यर्थियों की डिमांड 300 से ज्यादा पदों की थी। संभावना थी कि एग्जाम रिजल्ट से पहले कुछ पद बढ़ाए जाएंगे। लेकिन तीन चार दिन में रिजल्ट आने वाला है।

परीक्षा 22 मार्च को हो चुकी है। चार साल पहले 2021 में स्टेट इंजीनियरिंग सर्विस एग्जाम में रिकॉर्ड 493 पद निकाले थे। इसके बाद 2022 में पदों की संख्या घटकर सिर्फ 36 रह गई थी। हद तो यह हुई कि 2023 में वैकेंसी ही नहीं निकाली गई, जबकि 2024 में भी सिर्फ 23 पद दिए गए।

# नई सड़क पर जगमगाएगी सवा सौ से ज्यादा एलईडी

## मामला कुमेडी आईएसबीटी को शुरू करने के पहले का

## 50 से ज्यादा पोल पर जगमगाएगी रोशनी

**इन्दौर।** कुमेडी में इंदौर विकास प्राधिकरण द्वारा 100 करोड रुपए की लागत से बने नवीन आईएसबीटी के शुरू होने से पहले एमआर 10 के पास हाल ही में तैयार हुई 25 करोड़ रुपए से ज्यादा लागत वाली नई सड़क आने वाले दिनों में बेहद जल्द सवा सौ से ज्यादा एलईडी लाइटिंग की चकाचौंध से जगमगाएगी। जिसको लेकर वर्तमान में इस सड़क के बड़े हिस्से में सेंट्रल लाइटिंग लगाने का काम तेजी के साथ चल रहा है ताकि आने वाले दिनों में कुमेडी बस टर्मिनल और मेट्रो से ज्यादा से ज्यादा शहर के अलग अलग रास्ते जुड़े और इन से रास्तों बेहतर कनेक्टिविटी हो ताकि भीड़ कंट्रोल करने और ट्रैफिक व्यवस्थित संचालित करने में पुलिस प्रशासन को दिक्कत न आए। इसको लेकर इस क्षेत्र की कई सड़कों का नव निर्माण और चौड़ीकरण कार्य लगातार आईडीए द्वारा किया जा रहा है।

### आईडीए की प्लानिंगः क्षेत्र की सभी सड़कों की कुमेंडी आईएसबीटी और मेट्रो से हो कनेक्टिविटी

गौरतलब है कि आईडीए की प्लानिंग है कि आने वाले सिंहस्थ महापर्व से पहले कुमेडी में बने नवीन आईएसबीटी बस टर्मिनल के आसपास की सभी सड़कों की कनेक्टिविटी मेट्रो और आधुनिक सुविधाओं वाले बस टर्मिनल आईएसबीटी से हो। यही नहीं वर्तमान में सभी सड़कों का काम जल्द से जल्द पूरा हो जाए ताकि फिर इन तैयार सड़कों पर से शहरी क्षेत्र का ट्रैफिक शुरू कर दिया जाए ताकि साल 2028 में होने वाले सिंहस्थ महापर्व के दौरान अलग-अलग रूट से एमआर 10 पहुंचकर अरविंदो के रास्ते उज्जैन आने-जाने के लिए ट्रैफिक जाम की स्थिति न बने और व्यवस्थित ट्रैफिक चलें। साथ ही सिंहस्थ के दौरान संभावित भीड़ को कंट्रोल करने के लिए इसको लेकर वर्तमान में शासन-प्रशासन द्वारा मुख्य रेलवे स्टेशन की कुमेड़ी आईएसबीटी और मेट्रो से चारों ओर से कनेक्टिविटी को लेकर प्लानिंग कर तैयारी की जा रही है ताकि इसका फायदा मिल सके।

# लंबे समय से मास्टर प्लान में मंजूर सड़क का काम उलझा

**इंदौर।** लंबे समय से मास्टर प्लान में मंजूर रीजनल पार्क से बायपास तक बनने वाली चर्चित एमआर 3 सड़क का काम आखिर इतने समय बाद भी फाइलों में ही उलझा पड़ा है। जिसको लेकर अब क्षेत्र के हजारों रहवासियों में भारी नाराजगी है। लोगों का कहना है कि पिछले 3 साल से भी ज्यादा समय से प्रस्तावित बहुचर्चित रीजनल पार्क को बायपास से जोड़ने वाली एमआर 3 सड़क का काम आखिर कब शुरू होगा। जबकि इतने समय से मंजूरी के बावजूद इस बड़े बजट वाली सड़क का काम आखिर निगम क्यों शुरू नहीं कर पा रहा है।

जबकि हालत यह है कि 54 करोड रुपए से ज्यादा लागत वाली इस बड़े बजट वाली सड़क के निर्माण और चौड़ीकरण प्रोजेक्ट पर निगम पैसों के संकट और सड़क के बाधक निर्माण के साथ किसानों की जमीन के अड़ंगे के कारण ही इसे शुरू नहीं कर पा रहा है।

जबकि लंबे समय से इस सड़क के निर्माण और चौड़ीकरण को लेकर निगम की और से पूरी प्लानिंग के साथ प्रोजेक्ट पर टेंडर प्रक्रियां के बाद काम भी शुरू करने की तैयारी की थी। यही नहीं पिछले दो-तीन सालों में निगम द्वारा कई बार नेताओं और अधिकारियों के दौरे के बाद जल्द काम शुरू करने का दावा भी किया गया। लेकिन फिर कहीं न कहीं निगम का वित्तीय संकट आड़े आ गया जिसके कारण भी काम अटक रहा है। वहीं इस प्रोजेक्ट में बड़े बजट के अलावा सबसे बड़ी दिक्कत इस सड़क निर्माण और चौड़ीकरण कार्य में क्षेत्र के 70 से ज्यादा किसानों की निजी जमीन का अड़ंगा और टीडीआर पालिसी का मुद्दा नहीं सुलझना भी सड़क निर्माण और चौड़ीकरण कार्य में बड़ी बाधा बन रहा है। इसी के चलते लंबे समय से बड़े बजट वाली इस मास्टर प्लान में प्रस्तावित एमआर 3 सड़क का निर्माण कार्य खटाई में है।

# 2 करोड़ की लागत वाली पानी टंकी का निर्माण जारी

## इसी साल होगा निर्माण पूरा, उसके बाद लाइन का काम



**इंदौर।** विधानसभा 3 के वार्ड क्रमांक 64 में क्षेत्र के हजारों रहवासियों की सुविधा के लिए निगम द्वारा यहां 30 लाख लीटर क्षमता वाली बड़ी नर्मदा की पानी की टंकी का निर्माण किया जा रहा है। जिसकी सौगात क्षेत्र के हजारों रहवासी परिवारों को अगले तीन से चार माह में बेहद जल्द मिलने वाली है। जिसको लेकर इन दिनों यहां बड़ी टंकी का निर्माण कार्य बहुत तेजी के साथ चल रहा है। जिसके तहत वर्तमान में 80 फ़ीसदी से ज्यादा टंकी का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। जबकि अभी टॉप और टंकी के भीतर की फिनिशिंग का कार्य बाकी है जो इन दिनों तेजी के साथ चल रहा है। इसके अलावा नर्मदा की इस बड़ी टंकी से क्षेत्र की दर्जनभर से ज्यादा कालोनियों की डिस्ट्रीब्यूशन लाइन बिछाने काम भी जल्द अगले दो से तीन माह में टंकी निर्माण कार्य पूरा होने के बाद शुरू किया जाएगा। जिसको लेकर भी निगम द्वारा एलएनटी कंपनी के साथ सर्वे कर लाइन बिछाने की तमाम तैयारियां भी शुरू कर दी है।

**धीमी रफ्तार के कारण बारिश बाद मिलेगी टंकी की सौगात-** दरअसल लंबे समय से टंकी निर्माण का कार्य धीमी रफ्तार से चलने के कारण इस साल गर्मी के मौसम में मिलने वाली सौगात अगले पांच से छह माह बारिश बाद मिलेगी। जिसको लेकर वर्तमान में बड़ी टंकी निर्माण का कार्य अब पहले से दुगनी रफ्तार से चल रहा है। जबकि पहले बीच में काम की धीमी रफ्तार होने से टंकी निर्माण का कार्य अब तक धीमी गति से चल रहा था। हालांकि क्षेत्र के रहवासियों में खुशी है कि कि अगले साल ही सही उन्हें नई टंकी की सौगात मिलने वाली है। यही नहीं जिससे इस क्षेत्र का जल संकट आने वाले साल में पूरी तरह से खत्म हो जाएगा। गौरतलब है कि पिछले साल से वार्ड 64 के चितावद क्षेत्र में द्वारा क्षेत्र के रहवासियों की सुविधा के लिए यहां बड़ी टंकी का निर्माण कार्य किया जा रहा है। जिससे आने वाले दिनों में टंकी का निर्माण कार्य पूरा होने के बाद यहां क्षेत्र में दर्जन भर से ज्यादा कॉलोनी में डिस्ट्रीब्यूशन लाइन बिछाने का काम भी किया जाएगा ताकि आने वाले साल में लोगों को गर्मी में पीने के पानी को लेकर परेशानी ना हो।

## संपादकीय

# तरणतालों में सुरक्षा मानकों को लेकर लापरवाही बदस्तूर, अधिकारियों की जवाबदेही तय करे सरकार

सवाल है कि सुरक्षा मानदंडों का इस तरह से खुला उल्लंघन आखिर कैसे हो रहा है? देश के महानगरों से लेकर छोटे कस्बों में जगह-जगह तरणताल बनाए जा रहे हैं, लेकिन वहां सुरक्षा मानकों को लेकर कोई गंभीरता नजर नहीं आती है। न तो इन परिसरों में प्रबंधन स्तर पर सुरक्षा व्यवस्था की स्थिति पर ध्यान दिया जाता है और न ही शासन-प्रशासन की ओर से जांच एवं निगरानी की जरूरत महसूस की जाती है। इसी लापरवाही के कारण कई बार तैराकी के शौकीन बच्चों और युवाओं की भी जान चली जाती है। ऐसी ही एक घटना राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में वजीराबाद के जगतपुरी इलाके में सामने आई, जहां रविवार सुबह एक तरणताल में दस साल के बच्चे की डूबने से मौत हो गई। पुलिस जांच में सामने आया कि यह तरणताल बिना किसी अनुमति के व्यावसायिक तौर पर संचालित किया जा रहा था। यहां न तो किसी विशेषज्ञ तैराक की तैनाती की गई थी और न ही आपात स्थिति के लिए सुरक्षा के माकूल प्रबंध किए गए थे। इसे लापरवाही नहीं तो और क्या कहा जाएगा कि जो जांच-पड़ताल पहले की जानी चाहिए थी, वह बच्चे की मौत के बाद शुरू की गई। सवाल है कि सुरक्षा मानदंडों का इस तरह से खुला उल्लंघन आखिर कैसे हो रहा है? क्या प्रशासनिक निगरानी एवं जांच तंत्र इतना कमजोर है कि कोई बिना अनुमति के ऐसी व्यावसायिक गतिविधियां संचालित कर सकता है, जिसमें किसी की जान जाने का जोखिम हो? तरणताल में डूबने से मौत की घटनाएं अक्सर सामने आती रहती हैं। उत्तर प्रदेश में कौशांबी के मंझनपुर में भी रविवार को तरणताल में नहाते समय एक युवक की डूबने से मौत हो गई। इसी तरह पिछले सप्ताह हरियाणा के जींद जिले में भी तरणताल में एक युवक की जान चली गई थी। इन तीनों घटनाओं की जांच में यह बात निकलकर सामने आई है कि वहां सुरक्षा व्यवस्था में लापरवाही बरती गई। यही नहीं, दिल्ली के जगतपुरी में तो तरणताल बिना अनुमति के संचालित किया जा रहा था। जाहिर है, यह सब अधिकारियों की मिलीभगत से ही संभव हो सकता है। सरकार को ऐसे मामलों में नियमों को कड़ाई से लागू करने के साथ ही संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही भी तय करनी चाहिए, ताकि बच्चों और युवाओं की जान के साथ खिलवाड़ न हो।

## सोना-चांदी के आज के भाव



| गोल्ड कैश | एमसीएक्स |
|---|---|
| 152000 | 159432 |
| **सिल्वर कैश** | **एमसीएक्स** |
| 258000 | 274252 |

▪ निर्मल वर्मा घुंघरू

फिजिकल भाव 1 बजे ओपन होता है

# सिर्फ 3 मिनट के लिए हैक हुआ मोबाइल, स्क्रीन बंद होते ही खाते से साफ हुए 98 हजार रुपये

**इंदौर।** डिजिटल दौर में साइबर अपराधी ठगी के नए-नए और बेहद तकनीकी तरीके अपना रहे हैं। इस बार जालसाजों ने गांधी नगर थाना क्षेत्र के बड़ा बांगड़दा स्थित नरसीमुंजी कॉलेज के पास एक युवक के मोबाइल को रिमोट एक्सेस या मालवेयर के जरिए हैक कर लिया और पलक झपकते ही उसके बैंक खाते में सेंध लगा दी।

पुलिस के अनुसार, घटना गांधी नगर थाना के बड़ा बांगड़दा क्षेत्र की है। फरियादी अमित पिता मनोहर टेमरे निवासी इमली बाजार, ने थाने पहुंचकर साइबर फ्रॉड की लिखित शिकायत दर्ज कराई है। अमित ने पुलिस को बताया कि गत 23 अप्रैल को जब वह नरसीमुंजी कॉलेज, बड़ा बांगड़दा के पास मौजूद था, तभी अचानक उसका मोबाइल फोन हैक हो गया। महज दो से तीन मिनट के लिए उसके मोबाइल की स्क्रीन पूरी तरह बंद हो गई और फोन ने काम करना बंद कर दिया। उस वक्त अमित को लगा कि यह कोई सामान्य तकनीकी खराबी है।अगले दिन यानी 24 अप्रैल को सुबह करीब 7:00 बजे जब अमित ने अपने दैनिक कार्यों के दौरान अपने बैंक खाते का बैलेंस चेक किया, तो उसके पैरों तले जमीन खिसक गई। उसके खाते से 98,008/- रुपये गायब थे। अमित ने तुरंत अपने बैंक स्टेटमेंट और मैसेज चेक किए।अमित के मुताबिक, उसने खुद अपनी मर्जी से किसी को भी इस तरह का कोई ट्रांजैक्शन नहीं किया था। जांच करने पर पता चला कि यह पूरी रकम मकवाना गीताबेन करणभाई नामक किसी खाते में ट्रांसफर हुई है। मोबाइल हैक कर बैकग्राउंड में बैंकिंग क्रेडेंशियल्स चुराकर इस वारदात को अंजाम दिया गया था।गांधी नगर थाना पुलिस ने फरियादी अमित टेमरे की शिकायत और तकनीकी दस्तावेजों के आधार पर अज्ञात साइबर अपराधी के खिलाफ प्रकरण पंजीबद्ध कर लिया है। पुलिस की साइबर सेल टीम इस यूपीआई आईडी, ट्रांजैक्शन रूट और संबंधित बैंक खाते की डिटेल खंगाल रही है ताकि यह पता लगाया जा सके कि यह खाता कहां संचालित हो रहा है और धोखाधड़ी की रकम किस एटीएम या वॉलेट से निकाली गई है।

# कलाली पर 50 के नोट को लेकर विवाद

**इंदौर।** तुकोगंज थाना क्षेत्र के मालवा मिल इलाके में महज 50 रुपये के नोट के फेर में शुरू हुआ विवाद खूनी संघर्ष में बदल गया। बदमाशों ने सरेराह एक युवक पर लाठी और लात-घूंसों से हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया।

पुलिस के अनुसार, घटना मालवा मिल कलाली दुकान के अहाते की है। फरियादी अजय उर्फ पिन्नु कबाडी पिता सुभाष टटवाडे निवासी पंचम की फेल ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है। अजय ने पुलिस को बताया कि वह मालवा मिल कलाली की दुकान पर गया था। वहाँ अहाते के काउंटर पर बैठे व्यक्ति से डिस्पोजल खरीदने के लिए अजय ने 50 का नोट दिया। काउंटर पर बैठे व्यक्ति ने नोट लेते ही कहा कि आपने 50 का नहीं, बल्कि 10 रुपये का नोट दिया है।इसी बात को लेकर अजय और काउंटर कर्मचारी के बीच बातचीत और बहस चल रही थी।अभी अजय अपनी बात रख ही रहा था कि तभी पीछे से क्षेत्र के तीन शातिर बदमाश वहां पहुँच गए। आरोपियों ने बिना वजह अजय को गालियां देना शुरू कर दिया। जब अजय ने उनसे कहा कि उसका विवाद काउंटर वाले से है और उन्हें गालियां देने से मना किया, तो आरोपी भड़क गए।विवाद बढ़ते ही मुख्य आरोपी धर्मेन्द्र बिसे ने पास ही रखी भारी लाठी उठाई और अजय के सिर पर दे मारी। लाठी के वार से अजय का सिर फट गया और खून बहने लगा। इसी दौरान धर्मेंद्र के साथी गोलु और गब्बु उर्फ अब्दुल रहमान ने भी अजय को घेर लिया और जमीन पर गिराकर लात-घूंसों से उसकी बुरी तरह पिटाई कर दी। अहाते में मौजूद अन्य लोगों को आता देख आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से भाग निकले।

*3 बदमाशों ने युवक को घेरा, सिर पर लठ मारकर किया लहूलुहान*

# पैसों के लेनदेन को लेकर विवाद में बहाया खून

## *4 बदमाशों ने युवक पर किया चाकू से प्राणघातक हमला*

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट ।**

आजाद नगर थाना क्षेत्र के मूसाखेड़ी में पुरानी उधारी या पैसों के हिसाब-किताब की बात को लेकर चार बदमाशों ने मिलकर एक युवक पर जानलेवा हमला कर दिया। पुलिस ने मुस्तैदी दिखाते हुए सभी आरोपियों को दबोच लिया है।

पुलिस के अनुसार, घटना आजाद नगर क्षेत्र की है। फरियादी गर्वित पिता लक्ष्मण सैनी निवासी पंचशील नगर, मूसाखेड़ी ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। गर्वित का क्षेत्र के ही कुछ युवकों से पुराने पैसों के लेन-देन को लेकर विवाद चल रहा था। इसी बात को लेकर आरोपियों ने गर्वित को घेर लिया और गालियां देना शुरू कर दिया।जब गर्वित ने गालियां देने का विरोध किया, तो आरोपियों का गुस्सा सातवें आसमान पर पहुँच गया। उन्होंने जान से खत्म करने की नीयत से धारदार चाकू निकाला और गर्वित पर प्राणघातक हमला कर दिया। चाकू के वार लगने से गर्वित को शरीर में गंभीर चोटें आईं और वह लहूलुहान होकर वहीं गिर पड़ा। शोर शराबा सुनकर आसपास के लोग दौड़े, जिन्हें देखकर आरोपी मौके से भाग निकले। घायल गर्वित को तुरंत इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहाँ उसकी हालत गंभीर बनी हुई है।वारदात की सूचना मिलते ही आजाद नगर थाना पुलिस हरकत में आई और वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर आरोपियों की धरपकड़ के लिए टीम गठित की गई। पुलिस ने मुखबिरों की सूचना पर दबिश देकर वारदात में शामिल भील कॉलोनी के रहने वाले चारों आरोपियो पिंटू उर्फ राजकुमार, अजय उर्फ डेरा पिता विष्णु, अमित उर्फ सन्नी पिता महेश चौहान, सुमित उर्फ मन्नी पिता महेश चौहान को हिरासत में ले लिया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से वारदात में प्रयुक्त हथियार बरामद करने की कार्रवाई शुरू कर दी है।

# सड़कों पर उतरे आला अफसर.. डीसीपी और एसीपी ने संभाला मोर्चा

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

**शहर में शांति, सुरक्षा और कानून व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करने के लिए इंदौर पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी खुद मैदान में उतर गए हैं। इसी सिलसिले में बीती शाम को जोन-1 के आला अधिकारियों ने भारी पुलिस बल के साथ संवेदनशील और व्यस्ततम व्यापारिक इलाकों में विजिबल पुलिसिंग के तहत पैदल मार्च निकाला। इस दौरान जहां सड़कों और चौराहों पर खड़े संदिग्धों की चेकिंग की गई, वहीं आम नागरिकों से चर्चा कर सुरक्षा का फीडबैक भी लिया गया।**

डीसीपी जोन-1 नरेंद्र सिंह रावत और एसीपी विवेक सिंह चौहान सोमवार शाम अचानक पुलिस फोर्स के साथ सड़कों पर नजर आए। अधिकारियों ने अपने अमले के साथ जोन-1 के अंतर्गत आने वाले सदर बाजार और मल्हारगंज थाना क्षेत्रों के मुख्य बाजारों, चौराहों, मुख्य मार्गों सहित तंग गलियों का भी पैदल भ्रमण किया। वरिष्ठ अधिकारियों को खुद मोर्चे पर डटे देख अधीनस्थ पुलिस थानों के बल में भी खासी मुस्तैदी और मुस्तैद कार्यप्रणाली नजर आई। पैदल मार्च के दौरान पुलिस टीम ने चौराहों, सुनसान कोनों और बाजारों में बिना वजह जमा होने वाले संदिग्ध युवकों और असामाजिक तत्वों को घेरकर उनकी सघन चेकिंग की। इस दौरान सड़कों पर बिना नंबर या संदिग्ध नंबर प्लेट लगी गाड़ियों को रोककर उनकी तलाशी ली गई। डीसीपी नरेंद्र सिंह रावत ने मौके पर ही मौजूद थाना प्रभारियों को कड़े निर्देश दिए कि क्षेत्र के सूचीबद्ध पुराने अपराधियों, चाकूबाजों और वारंटियों की गतिविधियों पर लगातार नजर रखी जाए। साथ ही रात के समय हुड़दंग या नशाखोरी करने वालों के खिलाफ बिना किसी ढील के तत्काल वैधानिक कार्रवाई की जाए।





## सदर बाजार और मल्हारगंज में निकाला पैदल मार्च

### अफसरों ने जनता से मिलाया हाथ, गुप्त रहेगी सूचना

इस विजिबल मार्च की सबसे खास बात यह रही कि अधिकारियों ने केवल गश्त नहीं की, बल्कि सड़कों और दुकानों पर मौजूद आम नागरिकों, रहवासियों और क्षेत्रीय व्यापारियों से सीधा संवाद स्थापित किया। डीसीपी ने लोगों से चर्चा कर उनके क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था और समस्याओं का हाल जाना। उन्होंने जनता को भरोसा दिलाया कि पुलिस उनकी सुरक्षा के लिए 24 घंटे तैनात है। अधिकारियों ने नागरिकों से अपील की कि यदि उनके आसपास कोई भी अवैध गतिविधि या नशाखोरी चलती है, तो तुरंत इसकी जानकारी पुलिस को दें। सूचना देने वाले का नाम और पहचान पूरी तरह गुप्त रखी जाएगी।

# मंगलवार भोजशाला सुबह से पहुंचने लगे श्रद्धालु





**धार ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** शुक्रवार को इंदौर उच्च न्यायलय द्वारा भोजशाला को माँ सरस्वती मंदिर करार देने के बाद आज मंगलवार को कई वर्षो से चले आ रहे सत्याग्रह मे हजारों की संख्या मे माँ वाग्देवी भक्त भोजशाला मे पहुँचे, भक्तो और हिन्दू समाज के द्वारा आरती के बाद जमकर पटाके फोड़े और अपनी खुशी का इजहार किया।

भोजशाला में प्रति मंगलवार होने वाली सत्याग्रह में भारी तादाद में भक्त पहुँचे, भोजशाला को न्यायालय के निर्णय के अनुसार भोजशाला को मंदिर घोषित किया,भोज उत्सव समिति के द्वारा श्रद्धालुओं से भोजशाला में आने पर एक-एक दीपक एवं पटाखे स्वयं घर से लाने को कहा है ताकि दीपोत्सव मनाया जा सके, वही भोजशाला मुक्ति यज्ञ के संयोजक गोपाल शर्मा ने कहा कि भोजशाला मंदिर है और जो भी प्रवेश करेगा उसे सनातनी परंपरा और हिंदू संस्कृति का पालन करना होगा गैर हिंदुओं का आना प्रतिबंधित रहेगा।

## ऑफिस में लगी आग, दमकल कर्मियों ने बुझाई

**इंदौर।** आज सुबह प्रेस काम्प्लेक्स स्थित ऑफिस में आग लगने से हड़कंप मच गय। मौके पर पहुंचे फायर ब्रिगेड के दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पाया।

सुबह फायर ब्रिगेड को सूचना मिली थी कि स्वदेश भवन के सामने एक ऑफिस में आग लग गई है। सूचना के आधार पर दमकल कर्मी पहुंचे और 1 घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। आग में फर्नीचर सहित अन्य सामान जलकर राख हो गया आग लगने का कारण अज्ञात है।

# तूने काउंटर से पैसे चुराए हैं कहकर युवक की बेरहमी से पिटाई

### अहाते के मालिक और 3 कर्मचारियों ने बरसाईं लाठियां

**इन्दौर।** हीरानगर इलाके के शराब अहाते में चोरी की शंका के आधार पर चार लोगों ने मिलकर एक अकेले युवक पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया।

पुलिस के अनुसार, घटना हीरानगर थाना क्षेत्र में स्थित रोहित कटारिया के अहाते की है। फरियादी सावन पिता बलीराम निवासी विद्यानगर झोपड़पट्टी ने थाने पहुँचकर आपबीती सुनाते हुए आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। सावन ने पुलिस को बताया कि वह हीरानगर स्थित रोहित कटारिया के अहाते में मौजूद था तभी वहां काउंटर पर काम करने वाले अन्ना नाम के कर्मचारी ने सावन को रोका और उस पर आरोप लगाते हुए कहा, तूने काउंटर से पैसे चुराए हैं।जब सावन ने इस झूठे आरोप का विरोध किया और साफ शब्दों में कहा, भाई, मैंने कोई पैसे नहीं चुराए हैं तो अन्ना उसकी बात से और नाराज हो गया। काउंटर से पैसे गायब होने की शंका में अन्ना ने सावन को गालियां देना शुरू कर दिया। सावन ने जब गाली देने का विरोध किया, तो अन्ना ने पास ही रखा लकड़ी का भारी डंडा उठाया और सावन पर ताबड़तोड़ वार कर दिए।विवाद बढ़ता देख अहाते में काम करने वाले अन्य कर्मचारी कृष्णा वर्मा और राहुल शिन्दे भी वहां दौड़कर आए। उन्होंने भी बिना कुछ सोचे-समझे अपने हाथों में लकड़ी के लठ थाम लिए और सावन को बेरहमी से पीटना शुरू कर दिया। इसी बीच अहाते का मालिक रोहित कटारिया भी वहां पहुँच गया। सावन की बात सुनने के बजाय रोहित ने भी कानून हाथ में ले लिया और लठ व हाथ-मुक्कों से सावन की बुरी तरह पिटाई कर दी। चारों आरोपियों के सामूहिक हमले में सावन के सिर, पीठ और शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आईं और वह लहूलुहान हो गया। अहाते में मौजूद अन्य ग्राहकों और राहगीरों के बीच-बचाव करने के बाद आरोपियों ने उसे छोड़ा और जान से मारने की धमकी देकर भाग गए।

# इंदौर में फिर हनीट्रैप..शराब कारोबारी से 1 करोड़ की रंगदारी, भोपाल से श्वेता जैन हिरासत में

**इन्दौर।** वर्ष 2019 के चर्चित हनीट्रैप कांड की मुख्य आरोपी श्वेता जैन ने इंदौर में एक बार फिर बड़ा ब्लैकमेलिंग नेटवर्क खड़ा कर दिया। इंदौर क्राइम ब्रांच ने सोमवार को भोपाल के मीनाल रेसीडेंसी से श्वेता जैन को हिरासत में लिया है। आरोप है कि श्वेता इस नए हनीट्रैप गैंग की मास्टरमाइंड है, जिसने इंदौर के शराब व प्रॉपर्टी कारोबारी को जाल में फंसाकर उनके निजी फोटो-वीडियो वायरल करने की धमकी दी और 1 करोड़ रुपये की रंगदारी मांगी। इससे पहले सोमवार तड़के पुलिस ने एक 'टॉप सीक्रेट' ऑपरेशन चलाकर गैंग के अन्य सदस्यों महिला तस्कर अलका दीक्षित, उसके बेटे जयदीप, लाखन चौधरी और इन्हें शह देने वाले इंटेलिजेंस विंग के प्रधान आरक्षक विनोद को दबोचा था। आरोपियों ने पीड़ित कारोबारी को सुपर कॉरिडोर पर रोककर मारपीट की थी और धमकी दी थी कि रकम न मिलने पर उन्हें समाज में मुंह दिखाने लायक नहीं छोड़ेंगे। डीसीपी क्राइम राजेश त्रिपाठी के मुताबिक, सभी आरोपियों को अलग-अलग थानों में रखकर पूछताछ की जा रही है और जल्द ही कई बड़े खुलासे होने की उम्मीद है।



## सांवेर रोड पर पेड़ काटा तो लग गए सवा दो लाख स्पॉट फाइन



**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** नगर निगम के उद्यान विभाग को शिकायत मिली थी कि सांवेर रोड सेक्टर-सी इंडस्ट्रीयल एरिया में तीन इमली प्रजाति के पेड़ों को काटा जा रहा है। इस पर उद्यान विभाग की टीम वहां पहुंची और उन्होंने पाया कि शाहरूख ने यह पेड़ बगैर उद्यान विभाग की स्वीकृति के कटवाए हैं। इस पर निगम की टीम ने सवा दो लाख रु. जुर्माना ठोका।

# खेत से ट्रैक्टर निकालने को लेकर विवाद में किया हमला

**इन्दौर।** देपालपुर थाना क्षेत्र में सरेराह रास्ता रोककर दो लोगों पर धारदार हथियारों से हमला किया गया।

पुलिस के अनुसार, घटना ग्राम उजालिया की है। फरियादी युवराज सिंह पिता इंदरसिंह भाटी निवासी ग्राम चितोड़ा ने थाने पहुँचकर आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कराया है। युवराज ने पुलिस को बताया कि उनके अंकल का लड़का ट्रैक्टर लेकर लालसिंह पंवार के खेत के पास से होते हुए अपने खेत पर जा रहा था। इसी दौरान वहां मौजूद गांव के कुछ दबंगों ने जबरन ट्रैक्टर को बीच रास्ते में रोक लिया और वहां से निकलने देने से साफ मना कर दिया। रास्ता रोकने की खबर मिलते ही युवराज के पिता इंदर सिंह और अंकल राजेंद्र सिंह मौके पर पहुँचे। उन्होंने आरोपियों को शांतिपूर्वक समझाने का प्रयास किया और रास्ता देने की बात कही। लेकिन आरोपी समझाने की बात से और अधिक भड़क गए और गालियां देने लगे। जब फरियादी पक्ष ने गाली-गलौज का विरोध किया, तो आरोपियों ने पहले से तैयार रखे धारदार और घातक हथियारों से उन पर धावा बोल दिया।आरोपियों ने जान से मारने की नीयत से कुल्हाड़ी, गुप्ती और लोहे के पाइप से इंदर सिंह और राजेंद्र सिंह पर ताबड़तोड़ वार कर दिए। इस अचानक हुए हमले में इंदर सिंह के सिर, हाथ और पेट में गुप्ती व कुल्हाड़ी के गहरे घाव आए हैं, जिससे वे लहूलुहान होकर जमीन पर गिर पड़े। वहीं, बीच-बचाव करने आए राजेंद्र सिंह के हाथ में भी गंभीर चोटें आई हैं। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी सरेआम जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से भाग निकले।

# उत्पाति छात्रों पर कार्रवाई की मांग

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** दिगम्बर जैन समाज से जुड़े सामाजिक कार्यकर्ता नीलेश सेठी ने फाइनल के छात्रों ने अलसुबह तक अर्धनग्न अवस्था में नृत्य किया और फिर कॉलेज परिसर में तोड़फोड़ की। इस पर विश्वविद्यालय



और कॉलेज के साथ पुलिस को भी सख्त कार्रवाई करना चाहिए, जिससे आगे कोई कॉलेज का विद्यार्थी इस तरह की घटना को अंजाम ना दे सके।

## जनभागीदारी सप्ताह शुरू

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** जनजातीय कार्य मंत्रालय भारत सरकार की ओर से अनुसूचित जाति एवं जनजाति कल्याण विभाग के माध्यम से जनजातीय बहुल गांवों में 25 मई तक जनभागीदारीः सबसे दूर, सबसे पहले अंतर्गत जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। शुभारम्भ के बाद लाभार्थियों के लिए संतुष्टि शिविर आयोजित किए जा रहे है। कलेक्टर शिवम वर्मा ने कहा है कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य जनजातीय क्षेत्रों में जमीनी स्तर पर पहुंच बनाते हुए सेवा संतुष्टि सुनिश्चित करना, स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच बढ़ाना तथा आजीविका से जुडे़ अवसरों को प्रोत्साहित करना हैं। इस अभियान की थीम 'जनभागीदारीः सबसे दूर-सबसे पहले' रखी गई हैं। इस अभियान के तहत इन्दौर जिले के चयनित 56 ग्रामों में स्थित आदि सेवा केन्द्रों में शिविर आयोजित कर जनजातीय क्षेत्रों में पात्र हितग्राहियों को विभिन्न विभागों के समन्वय से योजनाओं का लाभ दिया जायेगा।


**कार्यालय नगर परिषद सांवेर जिला इन्दौर म.प्र.**

E-mail Add:cmosawer@mpurbangov.in Tel-07321-220070

क्रमांक-656 दिनांक 18/05/2026

निकाय में दुकान नामांतरण हेतु प्राप्त आवेदनों की सूची-

| क्र. | आवेदक का नाम पिता/पति का नाम | हस्तांतरकर्ता का नाम | वार्ड | पता | नामांतरण का आधार |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 1-लक्ष्मी पति स्व. नेमीचंद जैन 2-राहुल 3-मिली पिता स्व. नेमीचंद जैन | स्व. नेमीचंद पिता बाबूलाल जैन | 04 | बस स्टेण्ड सांवेर | वारिसान शपथ पत्र मृत्यु प्रमाण पत्र |

उपरोक्त वर्णित दुकान नामांतरण हेतु आवेदन प्राप्त हुए है। जिस किसी को कोई आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो इश्तहार जारी करने के दिनांक से 15 दिवस के अंदर आपत्ति मय प्रमाण अभिलेखों के कार्यालय में कार्यालयीन समय में प्रस्तुत करें। अवधि समाप्त होने के पश्चात किसी भी व्यक्ति की आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा तथा उपरोक्त दर्शाए अनुसार भूमि/भवन/दुकान पर हकों का अंतरण (नामांतरण) कर दिया जावेगा।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर परिषद सांवेर जिला इन्दौर**



**इन्दौर नगर पालिक निगम**
**मोती तबेला झोन-32**

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक **श्री योगेश पिता श्री शिवचरण गौर** द्वारा पंजीयन कार्यालय मोती तबेला स्थित निगम काउंटर झोन क्र. 32 राजस्व विभाग पर पिन नं. 1001263768 पर आवेदन प्रस्तुत कर मकान नं. 104 पल्हर नगर इंदौर पैकी भाग इन्दौर के नाम दर्ज सम्पत्ति का नामांतरण चाहा गया है।

यह सूचना प्रकाशन दिनांक से सात दिवस की अवधि में किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था व अन्य को उक्त सम्पत्ति पर आपत्ति हो तो झोन क्र.32 राजस्व विभाग में प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है।

अवधि पश्चात व बिना लेखी प्रमाण प्रस्तुत आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।

**प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी**
**मोती तबेला झोन-32**
**नगर पालिक निगम इन्दौर**

# तनुष, ओजस, जोगराज सिंह, सेजल व शुभी का जीत से आगाज

**इंदौर।** म.प्र. टेनिस संघ द्वारा आयोजित एवं पाथ फाउंडेशन व मोयरा सरिया द्वारा प्रायोजित पुनित मेमोरियल एशियन जूनियर अंडर-12 इंदौर ओपन टेनिस टूर्नामेंट में सोमवार से मुख्य दौर के मुकाबले प्रारंभ हुए, जिसमें शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ियों ने अपना दमदार प्रदर्शन करते हुए जीत हासिल की। दूसरी वरीयता प्राप्त तनुष, पांचवीं वरीयता प्राप्त ओजस मिश्रा, तीसरी वरीयता प्राप्त जोगराज सिंह ने बालक वर्ग में तथा शीर्ष वरीयता प्राप्त सेजल जाधव, तीसरी वरीयता प्राप्त शुभी रंजन ने बालिका वर्ग में जीत हासिल कर अगले दौर में जगह बनाई। लेकिन शीर्ष वरीयता प्राप्त के. रघुवंशी को पहले ही दौर में उलटफेर का शिकार होना पड़ा।

इंदौर टेनिस क्लब में खेले जा रहे इस प्रतिष्ठित टेनिस टूर्नामेंट का शुभारंभ पाथ फाउंडेशन की निदेशक नीति अग्रवाल के मुख्य आतिथ्य में हुआ । इस अवसर पर म.प्र. टेनिस संघ के अध्यक्ष अनिल महाजन, भारतीय टेनिस संघ के पूर्व महासचिव अनिल धूपर, टूर्नामेंट डायरेक्टर अर्जुन धूपर, मुख्य रैफरी हिमांशु मलिक



उपस्थित थे। संचालन साजिद लोदी ने किया। पहले दौर के मुकाबलों में बालक वर्ग में बड़ा उलटफेर देखने को मिला। गैर वरीयता प्राप्त अनुष खन्ना ने शीर्ष वरीयता प्राप्त के. रघुवंशी को कड़े मुकाबले में 6-3, 3-6, 10-4 से पराजित कर उलटफेर किया। वहीं अन्य मुकाबलों में दूसरी वरीयता प्राप्त तनुष बीसी ने हृदन डागा को 6-1, 6-1 से, तीसरी वरीयता प्राप्त जोगराज सिंह ने समन्यु शुक्ला को 6-0, 6-1 से, पांचवीं वरीयता प्राप्त ओजस मिश्रा ने अंश बंसल को 6-1, 6-3 से, हितांश पारख ने सी. अक्षज कुमार को 6-4, 6-4 से हराकर अगले दौर में जगह बनाई। वहीं बालिका वर्ग के पहले दौर के मुकाबलों में पहले क्रम की सेजल जाधव ने जे. अरेक्रांती को सीधे सेटों में 6-0, 6-0 से, दूसरी वरीयता प्राप्त रितिषा नेहे ने सराह भाटिया को 6-2, 7-6(7) से, तीसरी वरीयता प्राप्त सुरभी रंजन ने स्थानीय खिलाड़ी देविना धूपर को 6-1, 6-1 से, चौथी वरीयता प्राप्त आर्या कुलकर्णी ने एश्वी जैन को 6-0, 6-4 से, मार्टिना शर्मा ने एच. खानुकुलू को 6-2, 6-0 से, सातवीं वरीयता प्राप्त अवाना अरोरा ने स्थानीय वाइल्ड कार्ड प्राप्त सायशा दशोरा को 6-0, 6-0 से हराकर अगले दौर में जगह बनाई।

# सोने की तरह ग्रीष्मकालीन शिविर में तपकर खिलाड़ी निखरे

## प्रकाश हॉकी क्लब शिविर के पहले चरण का समापन

**इंदौर।** सोना भी तपकर ही गहना बनता है और उसी तरह शहर के बच्चों ने गर्मी में तपकर स्वयं को खिलाड़ी के रूप में स्वयं को तैयार किया है। यह भी देशसेवा का एक माध्यम है, जहां खेल मैदान में बेहतर प्रदर्शन से भी आप अपने शहर, प्रदेश और राष्ट्र का नाम रोशन कर सकते हैं।

उक्त विचार प्रदेश में राष्ट्रीय खेल हॉकी की सबसे पुरानी नर्सरी कहलाने वाले प्रकाश क्लब द्वारा खेल विभाग के तत्वावधान में आयोजित निशुल्क ग्रीष्मकालीन शिविर के पहले चरण के समापन पर बतौर मुख्य अतिथि एसीपी यातायात हिंदू सिंह मुवेल ने व्यक्त किए। कार्यक्रम के दौरान विशेष अतिथि पूर्व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी मीररंजन नेगी, पालिया के उपसरपंच आशीष तिवारी, जिला हज कमेटी के



उपाध्यक्ष रेहान अंसारी थे। प्रकाश क्लब के सचिव देवकीनंदन सिलावट ने बताया कि हमारा उद्देश्य राष्ट्रीय खेल का विकास करना है। इसलिए खिलाड़ियों से वर्षभर किसी तरह का कोई शुल्क नहीं लिया जाता है। कार्यक्रम के दौरान खिलाड़ियों को हॉकी स्टिक सहित अन्य खेल सामग्री का वितरण किया गया। शिविर के पहले चरण में 200 से ज्यादा खिलाड़ियों ने भागीदारी की। अब दूसरे चरण में चयनित खिलाड़ियों को खेल के आधुनिक तरीकों के बारे में प्रशिक्षण दिया जाएगा। जून के पहले सप्ताह में समाजसेवी बंसीलाल सिलावट स्मृति सेवन साइडर हाकी स्पर्धा के माध्यम से खिलाड़ियों को अपने अभ्यास को परखने का अवसर मिलेगा। कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ प्रशिक्षकों अशोक यादव, सरवर खान और शम्मी वीरजी का भी सम्मान किया गया। अतिथियों का स्वागत बंटी यादव, आरके यादव, बालकृष्ण रायकवार, दीनानाथ मिश्रा ने किया। कार्यक्रम का संचालन प्रथमेशराजे सिलावट ने किया। अंत में आभार हलीम खान ने माना।

## मां कनकेश्वरी क्लब ने जीता टी-20 खिताब



**इंदौर।** आईडीसीए के तत्वावधान में आयसीसी द्वारा आयोजित आयसीसी महावीर टी-20 क्रिकेट स्पर्धा का फायनल मैच मां कनकेश्वरी क्लब एवं सीसीआय के मध्य खेला गया जिसमें सीसीआय ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवरो में सभी विकेट खोकर 109 रन बनाये। पार्थ साहनी ने सर्वाधिक 38 रन बनाये । आकाश त्रिपाटी ने 8 रन देकर 3 विकेट तथा शिवराज एव विवेक तिवारी ने 2-2 विकेट लिये । जवाब में एमकेसीसी की टीम ने 14 ओवरो में 5 विकेट खोकर 111 रन बनाकर यह मैच 5 विकेट से जीत लिया और विजेता होने को गौरव हासलि किया । पंकज शर्मा ने सर्वाधिक 32 रन बनाये । मैच के पश्चात पुरस्कार वितरण आईडीसीए के सहसचिव आनंद शिन्दे के मुख्य आतिथ्य में हुआ उन्होंने विजेता एवं उपविजेता टीम का ट्राफी प्रदान की।ऽ

## अग्रबंधुओं द्वारा आयोजित मैच में रोजाना छह टीमें खेलेंगी क्रिकेट



**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** अग्रसेन क्रिकेट क्लब द्वारा स्कीम 140 पाथ ग्राउंड स्थित महाराजा अग्रसेन चौक पर दुधिया रोशनी में क्रिकेट के मुकाबले शुरू हुए। 24 मई तक चलने वाले इस क्रिकेट मुकाबले में रोजाना छह टीमें भाग लेंगी। रोजाना शाम 5 से रात 10 बजे तक गेंद और बल्ले का रोमांच देखने को मिलेगा। टीकमचंद गर्ग, संजय बांकडा, सौरभ गोयल बालाजी, राहुल गोयल, राहुल गुप्ता, अनमोल अग्रवाल, गौरव अग्रवाल, पिंकी-रवि अग्रवाल, अंशुल अग्रवाल मौजूद रहे।

## स्पोर्ट्स अकादमी की 3 टीमें एमएसबी रीजनल टूर्नामेंट हेतु दिल्ली रवाना

**इंदौर।** श्री वैष्णव स्पोर्ट्स अकादमी की अंडर-13 एवं अंडर-11 की तीन बेसबॉल टीमें प्रतिष्ठित एमएलबी (मेजर लीग बेसबॉल) रिजनल टूर्नामेंट में भाग लेने हेतु दिल्ली रवाना हुईं। इस प्रतियोगिता में देशभर की टीमें हिस्सा ले रही हैं। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली टीमें आगे बेंगलुरु में आयोजित होने वाले एमएलबी कप के लिए क्वालीफाई करेंगी। अंडर-13 टीम के कप्तान दिव्यांश खाखरिया एवं उपकप्तान आरव सिंह हैं। वहीं अंडर-11 टीम ए के कप्तान कृपांश वर्मा तथा टीम बी के कप्तान गणेश कुमायु हैं। टीम के प्रशिक्षक विनिता तिवारी, जितेंद्र शिंदे, विशाल कदम, स्वप्निल तिवारी एवं आयुष रुपाले खिलाड़ियों का मार्गदर्शन कर रहे हैं। इस अवसर पर विष्णु पसारी, प्रदीप चोपड़ा एवं राधेश्याम शर्मा ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की।

# राष्ट्रीय मास्टर्स टेबल टेनिस चैम्पियनशिप में मप्र ने जीते 18 पदक

**इंदौर।** टेबल टेनिस फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में हाल ही में पुणे में खेली गई 32वी राष्ट्रीय मास्टर्स टेबल टेनिस स्पर्धा में कुल 18 पदक जीतकर मध्य प्रदेश के खिलाड़ियों ने प्रभावी प्रदर्शन किया। प्रमोद सोनी, रीता जैन, किशोर मोटवानी, जीतेन्द्र तावरी, रूबी कौर, रश्मि सोनी, संध्या सोमानी, मनीषा कटारियां, संध्या पटवा, नीता वैष्णव, अर्चना राठौर, कृष्णा जायसवाल तथा अलका कनौजिया ने अपने-अपने वर्गो में शानदार प्रदर्शन किया।

स्पर्धा का पहला स्वर्ण पदक 60ξ आयु वर्ग में प्रदेष की महिला टीम ने जीत लिया। टीम का प्रतिनिधित्व रूबी कौर, संध्या सोमानी, मनीषा कटारिया, संध्या पटवा तथा रश्मि सोनी ने किया। किशोर मोटवानी तथा जीतेन्द्र तावरी ने 50ξ आयु वर्ग का युगल स्वर्ण पदक जीत लिया। रूबी कौर



तथा रश्मि सोनी ने महिला युगल 60ξ आयु वर्ग में शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए प्रदेश के खाते में तीसरा स्वर्ण पदक डाल दिया।

एकल वर्ग के दो महत्वपूर्ण रजत पदक प्रमोद सोनी तथा रीता जैन ने जीत लिये। प्रमोद ने 70ξ आयु वर्ग में तथा रीता ने 65ξ आयु वर्ग में रजत पदक हांसिल किये। उल्लेखनीय है कि दोनो ही खिलाड़ी कई मर्तबा के राज्य विजेता तथा प्रदेश के सर्वोच्च खेल पुरस्कार विक्रम पुरस्कार से सम्मानित है। इनके साथ ही नीता वैष्णव- अर्चना राठौर ने 50ξ आयु वर्ग का महिला युगल तथा संध्या सोमानी- संध्या पटवा ने 60ξ आयु वर्ग का महिला युगल रजत पदक प्राप्त किये। उक्त नौ पदको के अलावा प्रदेश के खिलाड़ियों ने नौ कास्य पदक भी प्राप्त किये। आर.पी.मालवीया ने पुरूष एकल 80ξ आयु वर्ग, नीता वैष्णव ने महिला एकल वर्ग 50ξ आयु वर्ग, मनीषा कटारिया तथा रश्मि सोनी ने महिला एकल 60ξ आयु वर्ग, छाया जाधव ने महिला एकल 70ξ आयु वर्ग, नीता-अर्चना राठौर ने महिला युगल 50ξ आयु वर्ग, संध्या सोमानी-संध्या पटवा ने महिला युगल 60ξ आयु वर्ग, रूबी कौर-संजय मेहता ने मिश्रित युगल 60ξ आयु वर्ग, रीता जैन-विपिन पंडित ने मिश्रित युगल 65ξ आयु वर्ग, साधना नेहलानी-किशोर मोटवानी ने मिश्रित युगल 55ξ आयु वर्ग के रजत पदक जीते। इनके साथ ही किशोर मोटवानी, मनोज शर्मा, मनोज सोनगरा, जीतेन्द्र तावरी तथा प्रभाकर राव से सज्जित 55ξ आयु वर्ग की पुरुष टीम ने भी कांस्य पदक हांसिल किया।

# ओवरटेक के चक्कर में दो कारों में जोरदार भिड़ंत, एक युवक की मौत, 3 गंभीर घायल

**तेजाजी नगर ब्रिज पर भीषण हादसा**

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट ।

बीती रात तेजाजी नगर ब्रिज पर दो तेज रफ्तार कारों की आपसी भिड़ंत में एक युवक की मौत हो गई।जबकि तीन युवक बुरी तरह से घायल हुए ।हादसे में दोनो कार भी बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई।

घटना तेजाजी नगर थाना क्षेत्र के बायपास ओवरब्रिज की है। देर रात दो कारें बायपास से गुजर रही थीं। ब्रिज के ऊपर गाड़ी को आगे निकालने के चक्कर में दोनों कारों के चालकों ने नियंत्रण खो दिया और रफ्तार तेज होने के कारण दोनों वाहन आपस में बेहद ताकत से टकरा गए। टक्कर इतनी भयानक थी कि दोनों कारों के अगले हिस्से पूरी तरह चकनाचूर हो गए। हादसे के वक्त एक कार में तीन युवक सवार थे। टक्कर लगते ही कार में बैठे प्रथम पिता अनिल (22) निवासी रंगवासा को सिर और सीने में जानलेवा चोटें आईं, जिसके कारण उसने मौके पर ही दम तोड़ दिया। वहीं, इसी कार में सवार उसके दो साथी चेतन पिता दिनेश (35).निवासी मालीखेड़ी और कृष्णा पिता दीपक निवासी सांवेर.गंभीर रूप से घायल हो गए।वहीं, इस भिड़ंत में शामिल दूसरी कार को चला रहा युवक युवराज (29) निवासी सांवेर भी बुरी तरह घायल हो गया।

हादसे के बाद ब्रिज पर चीख-पुकार मच गई और दोनों तरफ का ट्रैफिक जाम हो गया। राहगीरों ने तुरंत हादसे की सूचना तेजाजी नगर थाना पुलिस को दी।सूचना मिलते ही तेजाजी नगर पुलिस बल मौके पर पहुँचा। पुलिस ने राहगीरों की मदद से कारों में फंसे घायलों को बाहर निकाला और तुरंत एम्बुलेंस के जरिए नजदीकी अस्पताल भिजवाया, जहाँ तीनों की हालत चिंताजनक बनी हुई है। पुलिस ने मृतक प्रथम के शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेजा।दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को क्रेन की मदद से सड़क से हटाकर थाने लाया गया है, जिसके बाद ब्रिज पर यातायात सामान्य हो सका। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर आगे की वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है।



# परीक्षा देने जा रहे छात्र की कार दुर्घटना में मौत

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।



बड़ेगांव देपालपुर के इंदौर रोड पर आज सुबह दो कार में टक्कर हुई देपालपुर के बिरगोदा गांव में रहने वाले आदित्य सिसोदिया उम्र 19 वर्ष की मौत हो गई। आदित्य अपनी कार एमपी-09 सीएम 3158 से इंदौर जा रहे थे, जहां उनके कॉलेज की परीक्षा थी। बताया गया कि श्रीनाथ कोल्ड स्टोरेज के सामने अज्ञात कार ने टक्कर मारी और टक्कर इतनी जबर्दस्त थी कि आदित्य की कार चकनाचुर हो गई। घटनास्थल पर भीड़ इकट्ठा हो गई, आदित्य तुरंत देपालपुर सरकार अस्पताल भेजा गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। जानकारी पुलिस थाना देपालपुर के थाना प्रभारी रणजीतसिंह बघेल को लगी तो उन्होंने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। अब सीसीटीवी कैमरे के माध्यम से अज्ञात टक्कर मारने वाले वाहन की पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं।

## चाय दुकान में जा घुसी कार...पलटी



**इंदौर, ( सिटी ब्लास्ट )।** तिलक नगर थाना क्षेत्र के गीतानगर में आज सुबह उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब एक तेज रफ्तार कार एक चाय दुकान में जा घुसी। बताया जा रहा है कि कार में युवतियां सवार थीं। चाय दुकान में स्टॉल को टक्कर मारकर कार पलट गई। गनीमत रही कि किसी को गंभीर चोंट नहीं आई। मिली जानकारी के अनुसार घटना आज सुबह करीब 9.45 बजे हुई। गीतानगर चौराहा स्थित गुप्ता टी पर कार क्रं. एम.पी. 09 सी 0028 टीसी बेकाबू होकर जा घुसी। दुकान के बाहर चाय का स्टॉल लगा हुआ था। कार ने स्टॉल को टक्कर मारी और फिर दुकान में घुस गई। अनियंत्रित कार इसके बाद पलट गई। बताया जा रहा है कि कार एक युवती चला रही थी। जानकारी मिलने के बाद मौके पर थाना तिलक नगर 112 पहुंची। हालांकि युवतियों ने दुकानदार को नुकसान की भरपाई की बात कही, जिसके बाद दुकानदार ने भी फिलहाल आगामी कार्रवाई नहीं की।



# तेज रफ्तार बाइक ने मां-बेटे को मारी टक्कर, हादसे में बुजुर्ग महिला की मृत्यु

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

देपालपुर के केसर रोड पर हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे में एक बुजुर्ग महिला की मौत हो गई। घटना उस समय हुई जब बेटा अपनी मां को मोटरसाइकिल पर बैठाकर ले जा रहा था, तभी सामने से आ रही एक तेज रफ्तार बाइक ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। पुलिस ने आरोपी बाइक चालक के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाने का मामला दर्ज कर लिया है। देपालपुर पुलिस के मुताबिक, फरियादी पवन पिता गंगाराम (28) निवासी चंद्रावतीगंज अपनी मां रामकुंवर बाई को मोटरसाइकिल पर बैठाकर देपालपुर केसर रोड से गुजर रहा था। इसी दौरान सामने से आ रहे एक अनियंत्रित और तेज रफ्तार मोटरसाइकिल चालक ने पवन की बाइक को अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी भीषण थी कि मां-बेटे दोनों सड़क पर दूर जा गिरे और उन्हें गंभीर चोटें आईं। राहगीरों की मदद से दोनों को तुरंत नजदीकी अस्पताल पहुँचाया गया, जहाँ डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद रामकुंवर बाई को मृत घोषित कर दिया। वहीं पवन का उपचार जारी है। पुलिस ने मर्ग कायम कर आरोपी बाइक चालक के खिलाफ केस दर्ज किया है।

# युवक की संदिग्ध मौत

**इंदौर, ( सिटी ब्लास्ट )।** पंढरीनाथ थाना क्षेत्र में घर के बाहर ही एक युवक की संदिग्ध मौत हो गई। जानकारी के अनुसार विक्की पिता शंकर (26) को एमवाय अस्पताल ले जाया गया, जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित किया। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू की।

# बच्चों के विवाद में पड़ोसी को मारी गोली

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट ।

खजराना थाना क्षेत्र में बच्चों के आपसी विवाद के चलते दो पड़ोसियों के बीच कहासुनी इतनी बढ़ी कि एक पक्ष ने देशी कट्टे से फायर कर दिया। गोली पड़ोसी के पैर में लगी, जिससे इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने रात में ही घेराबंदी करते हुए वारदात को अंजाम देने वाले दोनों मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

एडिशनल डीसीपी अमरेंद्र सिंह के मुताबिक, वारदात कल देर रात अशरफी नगर इलाके में हुई। हमले में घायल व्यक्ति की पहचान वसीम निवासी अशरफी नगर के रूप में हुई है। प्रारंभिक पड़ताल में पुलिस को पता चला है कि फरियादी वसीम और आरोपी पक्ष एक-दूसरे के आमने-सामने ही रहते हैं। कल रात बच्चों के बीच हुए किसी मामूली विवाद को लेकर दोनों पक्षों के बड़े आमने-सामने आ गए थे। बहसबाजी देखते ही देखते जमकर मारपीट में बदल गई। इसी दौरान आरोपियों ने तैश में आकर अपने पास रखा देशी कट्टा निकाला और वसीम पर फायर कर दिया। आरोपियों द्वारा चलाया गया कारतूस सीधे वसीम के पैर में जा धंसा। गोली लगते ही वसीम लहूलुहान होकर जमीन पर गिर पड़े। रात के सन्नाटे में गोली चलने की आवाज से पूरी कॉलोनी में हड़कंप मच गया और लोग सड़कों पर आ गए। वारदात के तुरंत बाद आरोपी मौके से भाग निकले। परिजनों ने घायल वसीम को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया, जहाँ डॉक्टरों की देखरेख में उनका उपचार जारी है। घटना की गंभीरता को देखते हुए खजराना पुलिस की टीम तुरंत हरकत में आई और आरोपियों की तलाश में जुट गई। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए घेराबंदी की और दोनों नामजद हमलावरों इरशाद और साहिल को गिरफ्तार कर लिया।

## अनियंत्रित टैंकर ने बाइक सवार को रौंदा, युवक ने मौके पर दम तोड़ा

**इन्दौर।** मानपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले एबी रोड पर रविवार शाम को एक तेज रफ्तार टैंकर ने मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। इस भीषण हादसे में बाइक सवार युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। दुर्घटना के बाद टैंकर चालक वाहन समेत मौके से फरार होने में कामयाब रहा। मानपुर पुलिस के अनुसार, हादसा रविवार शाम को एबी रोड पर स्थित प्रसिद्ध भगवती ढाबे के सामने हुआ। यहाँ एक टैंकर क्रमांक एमपी-09 एचएच 8503 के चालक ने अपने वाहन को तेजी और लापरवाही से चलाते हुए आगे जा रही एक मोटरसाइकिल को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही बाइक सवार कृष्णा नामक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया और अत्यधिक खून बह जाने के कारण उसने मौके पर ही दम तोड़ दिया। सूचना मिलते ही मानपुर पुलिस मौके पर पहुँची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। पुलिस ने टैंकर नंबर के आधार पर फरार चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

# फूटी कोठी ब्रिज पर ढुला ऑयल....कई फिसले

**इंदौर, ( सिटी ब्लास्ट )। चार दिन पूर्व अन्नपूर्णा रोड़ पर टैंकर से ऑयल लीकेज हो गई या था, जिससे कई वाहन चालक स्लिप होकर गिर गए थे, जिसके बाद कल फूटी कोठी ब्रिज पर आयल ढुल गया, जिसके कारण कई दुपहिया वाहन स्लिप हो गए। इसके कारण राहगीरों को चोंट भी लगी। बाइक सवार दो युवक तो फिल्मी स्टाइल में स्लिप हुए और कई दूर जाकर गिरे, वहीं उनकी बाइक भी करीब 100 फीट घिसटती हुई गई। घटना के बाद निगम ने बहुत देर बाद सुध ली। राहगीर लगातार जिम्मेदारों को फोन लगाते रहे।**







स्वामी मुद्रक प्रकाशक, महेश मूंगड़ द्वारा मूंगड़ पब्लिकेशन 242-43, जवाहर मार्ग, राजमोहल्ला चौराहा, इन्दौर ( म.प्र. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित ।
सम्पादकः- महेश मूंगड़ 98273-69587, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा ।